सुविचार
तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे।
" अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड "

# दैनिक रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

वर्ष 2 ■ अंक 300 ■ जबलपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965



### अनलिमिटेड रेंज का दावा, पुतिन बोले- इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता

# रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड मिसाइल का टेस्ट

**मॉस्को। रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9M739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इस नहीं रोक सकता। रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है।**

**एयर डिफेंस सिस्टम की पकड़ में नहीं आ सकती-** बुरेवस्तनिक (9M730) एक क्रूज मिसाइल है, जो सामान्य ईंधन इंजन की बजाय न्यूक्लियर रिएक्टर से चलती है। इस वजह से यह मिसाइल लगभग अनलिमिटेड यानी असीमित दूरी तक उड़ान भर सकती है। साथ ही दुश्मन के एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। अमेरिकी वायुसेना की रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल के सर्विस में आने के बाद रूस के पास इंटरकॉन्टिनेंटल रेंज यानी 10 से 20 हजार किमी तक हमला करने की क्षमता होगी। इससे रूस किसी भी हिस्से से अमेरिका तक हमला करने में सक्षम होगा। आमतौर पर इतनी दूरी तक हमला करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया जाता है। यह पहली क्रूज मिसाइल है जो इतनी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल अंतरिक्ष में तय मार्ग पर जाती है, जिन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जबकि बुरेवस्तनिक सिर्फ 50-100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ती है और लगातार रास्ता बदलती रहती है, जिससे इसे पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है।

**लॉन्च होने के बाद एक्टिव होता है न्यूक्लियर रिएक्टर-** मिसाइल को लॉन्च करने के लिए ठोस ईंधन वाले रॉकेट बूस्टर का इस्तेमाल किया जाता है। लॉन्च होने के बाद इसका न्यूक्लियर रिएक्टर एक्टिव हो जाता है। इसके बाद यह परमाणु ऊर्जा पर चलती है। इसमें एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर या न्यूक्लियर पावर यूनिट है, जो मिसाइल को अनलिमिटेड दूरी तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इस मिसाइल को जमीन पर मौजूद लॉन्चिंग पैड का इस्तेमाल कर लॉन्च किया जाता है। रॉयटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक रूस की राजधानी मॉस्को से उत्तर में 475 किमी दूर इसकी लॉन्च साइट हो सकती है। यहां नौ नए लॉन्च पैड बनाए जा रहे हैं।

**एक्सपर्ट्स ने मिसाइल टेस्टिंग को खतरा बताया-** मिसाइल एक्सपर्ट जेफरी लुईस ने कहा कि रूस का बुरेवेस्तिन मिसाइल की सफल टेस्टिंग एक खतरे की बात है। यह एक छोटा उड़ता हुआ ह्यचेरनोबिलह्न है। चेरनोबिल यूक्रेन का एक शहर है। सोवियत काल में यहां 26 अप्रैल 1986 को इतिहास का सबसे भयावह परमाणु हादसा हुआ था। चेरनोबिल न्यूक्लियर पावर प्लांट के एक रिएक्टर में भयंकर विस्फोट हो गया था। इसकी वजह से यूक्रेन, बेलारूस, रूस और यूरोप के कई हिस्सों में रेडिएशन फैल गया था। जेफरी के मुताबिक यह मिसाइल बहुत खराब और खतरनाक चीज है। यह किसी साइंस-फिक्शन फिल्म जैसा हथियार है, जो दुनिया में अस्थिरता बढ़ाएगा और हथियारों पर नियंत्रण रखना और भी मुश्किल बना देगा।

**ट्रम्प बोले- पुतिन मिसाइल परीक्षण न करें, जंग रोके-** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन से कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण करने की बजाय जंग रोके। सोमवार दिए एक बयान में उन्होंने मिसाइल टेस्ट को गलत बताया। ट्रम्प ने कहा कि एक हफ्ते में खत्म होने वाली जंग के 4 साल होने वाले हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। ट्रम्प अक्सर गोल्डन डोम मिसाइल सिस्टम का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक अमेरिका को भविष्य के हमलों से बचाने के लिए यह जरूरी है। बुरेवेस्तिक जैसे खतरनाक हथियार से बचाने के लिए गोल्डन डोम जैसे डिफेंस सिस्टम को डिजाइन किया जा रहा है।

**मिसाइल की क्षमताओं को लेकर उठते रहे हैं सवाल-** अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (IISS) ने कहा कि रूस के सामने इस मिसाइल को लेकर अभी भी कई तकनीकी चुनौतियां हैं। इनमें मिसाइल के परमाणु इंजन को सुरक्षित और भरोसेमंद ढंग से संचालित करने की चुनौती सबसे बड़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके कई परीक्षण असफल रहे और एक दुर्घटना में कई लोगों की मौत हुई थी। इस मिसाइल के विकास में कई तकनीकी दिक्कतें आई हैं। 2016 से अब तक दर्जनों परीक्षणों में केवल आंशिक सफलता मिली है। 2019 में नेनोक्षा इलाके में एक परीक्षण के दौरान हुए विस्फोट में 7 वैज्ञानिकों की मौत हुई थी। साथ ही पास के सेवरोदविंस्क शहर में रेडिएशन स्तर बढ़ गया था। बाद में रूस ने स्वीकार किया कि यह हादसा परमाणु-संचालित मिसाइल के परीक्षण के दौरान हुआ था।

# अदनान ने जेल से छूटकर की 'आतंकियों' की भर्ती

### ISIS का सोशल मीडिया हैंडलर बना सीए स्टूडेंट; ज्ञानवापी जज को 'काफिर' कह धमकाया था




**भोपाल।** भोपाल से गिरफ्तार आतंकी अदनान क्रक्र का सोशल मीडिया हैंडलर निकला। इससे पहले भी वह एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने के बाद से युवकों ?को खुद से जोड़ने का काम कर रहा था। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वीडियो सर्वे का ऑर्डर देने वाले जज को धमकी देने वाली पोस्ट (काफिरों का खून आपके लिए हलाल है...) भोपाल से गिरफ्तार आतंकी सैयद अदनान ने इंस्टाग्राम में की थी। जज की फोटो पर काफिर लिखा और उन्हें मारने के लिए उकसाया। इस मामले में लखनऊ के गोमती नगर थाने में केस दर्ज हुआ था। यूपी पुलिस ने इसके खिलाफ वअढअ भी लगाया था। **12वीं के बाद ही जिहादी पेज और चैनलों को फॉलो किया-**अदनान को 4 जून 2024 को भोपाल से गिरफ्तार किया गया था। यूपी पुलिस ने उसे 10 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 26 सितंबर 2024 को उसे जमानत मिल गई थी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जमानत मिलने के बाद वह चरमपंथी सामग्री पोस्ट करने और समान विचारधारा वाले युवकों को भर्ती करने की गतिविधियों में तेजी ले आया। इससे पहले वह 12वीं के बाद ही जिहादी पेज और चैनलों को फॉलो करने लगा था। इसी दौरान क्रक्र की विचारधारा से प्रभावित हो गया। **जेहादी वीडियो इंटरनेट से जुटाने का काम करता था-** सीए का स्टूडेंट सैयद अदनान क्रक्र के लिए सोशल मीडिया हैंडलर के तौर पर काम करता था। वे आईएसआईएस से जुड़ी जेहादी वीडियो इंटरनेट से जुटाने का काम करता था। इन वीडियोज में मजहब के नाम पर मर मिटने जैसी तकरीरें होती थीं। इन्हें तोड़-मरोड़कर हदीसों से जोड़ा जाता था। इन वीडियो को तोड़ने-मरोड़ने और फर्जी तरीके से एडिट करने का काम दिल्ली का अदनान करता था। दोनों ही सिग्नल ऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सीरियाई क्रक्र कमांडर के संपर्क में रहते थे। वहां से मिले निर्देश के अनुसार वीडियोज को अलग-अलग सोशल मीडिया ग्रुप्स पर शेयर करने का काम किया जाता था। फर्जी पहचान से बनाए गए यूट्यूब चैनल्स पर भी इन वीडियोज को प्रचारित और प्रसारित किया जाता था। क्रक्र मॉड्यूल से जुड़े दोनों अदनान सोशल मीडिया पर 'सात-उल-उम्माह' और 'वॉयस ऑफ इंडिया' नाम के ग्रुप्स से जुड़े थे। इन ग्रुप्स में एक हजार से ज्यादा सीरिया स्थित अबू मेंबर्स थे। ज्ञानवापी परिसर का फैसला सुनाने वाले जज को लेकर अदनान ने धमकी भरे कमेंट्स किए थे।

### मोहम्मद यूनुस ने PAK आर्मी जनरल को विवादित नक्शा गिफ्ट किया

# बांग्लादेश ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की। 'आर्ट ऑफ ट्रायम्फ' नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिफ मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे।

**किताब में 2024 के छात्र आंदोलन में बने चित्रों को दिखाया-** आर्ट ऑफ ट्रायम्फ एक आर्ट बुक है, जिसमें बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-जन आंदोलन के दौरान बने ग्रैफिटी (दीवारों पर बनी चित्रकारी) और बाकी चित्रों को दिखाया गया है। पिछले साल सितंबर में अंतरिम प्रमुख सलाहकार यूनुस ने इसे जारी किया था। फिलहाल यह किताब अभी सार्वजनिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। बांग्लादेश के नेता पहले भी इस किताब को गिफ्ट के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं। सितंबर 2024 में यूनुस ने कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो को यह किताब गिफ्ट की थी। इस किताब को गिफ्ट में देना एक राजनीतिक और कूटनीतिक संकेत माना जाता है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक यह किताब अब तक 12 से ज्यादा विदेशी नेताओं और अधिकारियों को गिफ्ट की जा चुकी है। इनमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, पूर्व कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो, ब्राजील के पीएम लूला डिसिल्वा और पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

बांग्लादेश सरकार के अंतरिम मुखिया यूनुस ने 25 सितंबर 2025 को यूनाइटेड नेशंस के मुख्य सत्र (UNGA) के समय न्यू यॉर्क में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को आर्ट ऑफ ट्रायम्फ किताब भेंट की थी।

बांग्लादेश सरकार के अंतरिम मुखिया यूनुस ने 25 सितंबर 2025 को यूनाइटेड नेशंस के मुख्य सत्र के समय न्यू यॉर्क में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को आर्ट ऑफ ट्रायम्फ किताब भेंट की थी। मोहम्मद यूनुस और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा की मुलाकात 13 अक्टूबर 2025 को रोम, इटली में हुई थी। तब यूनुस ने डिसिल्वा को किताब गिफ्ट की थी।

मोहम्मद यूनुस और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा की मुलाकात 13 अक्टूबर 2025 को रोम, इटली में हुई थी। तब यूनुस ने डिसिल्वा को किताब गिफ्ट की थी। पाकिस्तानी जनरल 6 सदस्यों के साथ बांग्लादेश पहुंचे जनरल शमशाद मिर्जा 24 अक्टूबर को 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ढाका पहुंचे थे। इस दौरे के दौरान उन्होंने यूनुस समेत उच्च बांग्लादेशी सैन्य और नागरिक नेतागणों के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर बात की। इस दौरान दोनों देशों ने व्यापार, निवेश और रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात की। जनरल मिर्जा ने कहा कि दोनों देशों के बीच पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं।

# जम्मू में बॉर्डर पर पाकिस्तानी ड्रोन से गिराए गए ड्रग्स के पैकेट, BSF ने बरामद की 5KG हेरोइन



**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल के सतर्क जवानों ने एक बड़े तस्करी निरोधक अभियान में जम्मू-कश्मीर के जम्मू जिले के आर.एस. पुरा सेक्टर के अंदरूनी इलाके से 5.3 किलोग्राम से अधिक संदिग्ध हेरोइन बरामद की है। ऐसा माना जा रहा है कि यह ड्रोन से गिराई गई होगी ताकि यह लक्षित समूहों तक आसानी से पहुंच सके। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा भारतीय क्षेत्र में मादक पदार्थ भेजने की एक और कोशिश नाकाम कर दी है। उन्होंने कहा, ह्लबीएसएफ के खुफिया विभाग से प्राप्त विशिष्ट जानकारी के आधार पर जम्मू के आर.एस. पुरा के अंदरूनी इलाके में एक नाका और विशेष अभियान चलाया गया। सुबह आर.एस. पुरा के बिदीपुर गाँव के पास शुरू किये गये एक तलाशी अभियान के दौरान बीएसएफ जवानों ने लगभग 5.300 किलोग्राम वजन के दो पीले रंग के पैकेट (जिनमें 10 छोटे पैकेट लिपटे हुए थे) बरामद किए। उन्होंने बताया कि हेरोइन जैसा यह प्रतिबंधित पदार्थ खेत से बरामद किया गया और ऐसा प्रतीत होता है कि इसे सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराया गया था। इलाके की गहन तलाशी जारी है और मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी गयी है। प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ देश की सीमाओं और नागरिकों को सभी खतरों से बचाने के अपने मिशन पर अडिग है।

# किसानों पर आफत की बारिश, प्रदेश भर में धान व मक्के की फसल को भारी नुकसान



**भोपाल।** पिछले दो-तीन दिनों में हुई वर्षा ने प्रदेश भर में किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। अधिकतर जगह धान की फसल पक चुकी है। कुछ जगह कटाई भी हो गई है। इस बीच वर्षा व हवाओं से धान की फसल खेत में ही गिरने से खराब होने की पूरी आशंका है। दाने काले पड़ने व फफूंद लगने की डर है। वहीं, खलिहान में रखी धान की फसल पानी के चलते सड़ जाएगी। इसी तरह मक्का की फसल को भी खूब नुकसान हुआ है। अधिकतर स्थानों पर इसकी कटाई हो चुकी थी। गहाई होने वाली थी, इसके पहले वर्षा से फसल खराब हो गई है। किसान संगठनों का दावा है कि प्रदेश भर में लगभग दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान इस बारिश से किसानों को हुआ है। किसान नेता केदार सिरोही ने बताया कि खरीफ सीजन की फसलों को नुकसान तो हुआ ही रबी फसल की बोनी भी 15 दिन पिछड़ गई है। एक से 15 नवंबर के बीच बोनी का सबसे अच्छा समय माना जाता है, पर अब 15 के बाद ही हो पाएगी। बोनी देरी होने से गर्मी की मूंग व अन्य फसलों की बोनी भी प्रभावित होगी। उड़-मूंग और सोयाबीन की फसल को भी नुकसान हुआ है।

# प्रशांत किशोर का काफिला रोका, पूर्णिया में प्रचार के दौरान पुलिस ने ली गाड़ियों की तलाशी



**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर प्रचार का दौर जारी है। सियासी दलों के सूरमा चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। एनडीए और महागठबंधन के दलों का भी चुनाव प्रचार चरम पर है। इस बीच जन सुराज के सूत्रधान प्रशांत किशोर भी ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कर रहे हैं। सोमवार को पूर्णिया में अचानक पुलिस ने उनके काफिले को रोक लिया और फिर गाड़ियों की तलाशी ली। इस दौरान काफिला कुछ देर रुका रहा और फिर रवाना हुआ। अचानक पुलिस की कार्रवाई से हडकंप मच गया। जानकारी के मुताबिक 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होने वाले चुनावों से पहले चल रहे कैंपेन के दौरान, जन सुराज पार्टी के चीफ प्रशांत किशोर के काफिले की बिहार पुलिस ने तलाशी ली। बता दें प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। साथ ही उन्होंनें बीजेपी पर पार्टी के तीन उम्मीदवारों को नामांकन वापस लेने के लिए धमकाने का आरोप लगाया था।




### 7 फरवरी तक पूरा होगा; अगले साल चुनाव वाले बंगाल में रक्फ्र लेकिन असम में नहीं

# राजस्थान, एमपी, यूपी समेत 12 राज्यों में आज से SIR




**नई दिल्ली।** बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी रक्फ्र कल यानी 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आज रात से ही इन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी। खास बात ये है कि अगले साल चुनाव वाले बंगाल में रक्फ्रहोगा, लेकिन असम में नहीं होगा। चुनाव आयोग का कहना है कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग है, इसलिए वहां यह प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी।

**1. SIR क्या है** यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। इछड घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

**2. पहले किस राज्य में हुआ?** पहले फेज में बिहार में हुआ। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं। ये वोटर्स 6 और 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में वोट डालेंगे। **3. कौन करेगा-** SIR वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं। इस काम में 5.33 लाख बीएलओ (इछड) और 7 लाख से ज्यादा बीएलए (इछअ) राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे। रक्फ्र के दौरान इछड/इछअ वोटर को फॉर्म देंगे। वोटर को उन्हें जानकारी मैच करवानी है। अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो उसे एक जगह से कटवाना होगा। अगर नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो जुड़वाने के लिए फॉर्म भरना होगा और संबंधित डॉक्यूमेंट्स देने होंगे।

**6. रक्फ्र के लिए कौन से दस्तावेज मान्य-** पेंशनर पहचान पत्र किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र जन्म प्रमाणपत्र पासपोर्ट, 10वीं की मार्कशीट, राष्ट्रीय रजिस्टर (ठफ्छ) में नाम, परिवार रजिस्टर में नाम, जमीन या मकान आवंटन पत्र, आधार कार्ड

**7. SIR मकसद क्या है-** 1951 से लेकर 2004 तक का रक्फ्र हो गया है, लेकिन पिछले 21 साल से बाकी है। इस लंबे दौर में मतदाता सूची में कई परिवर्तन जरूरी हैं। जैसे लोगों का माइग्रेशन, दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होना। डेथ के बाद भी नाम रहना। विदेशी नागरिकों का नाम सूची में आ जाने पर हटाना। कोई भी योग्य वोटर लिस्ट में न छूटे और कोई भी अयोग्य मतदाता सूची में शामिल न हो।




धुंधले बिलों की धांधली ने बढ़ाई जनता की परेशानी

# मुख्यालय से सटी पंचायतों में भ्रष्टाचार का बोलबाला

## मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायतों के भी बुरे हाल, धुंधले बिलों की धांधली बनी आम जनता की मुसीबत


## शिकायत से लेकर जांच तक सिमटा कार्रवाई के नाम पर केवल वसूली..




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला जिले में ग्रामीण अंचल क्षेत्र पर गवन, भ्रष्टाचार रिस्वखोरी तो चरमसीमा पार कर चुका है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी आज भी केवल अपनी खानापूर्ति के अलावा कहीं कुछ कार्रवाई करते नहीं आते लेकिन धीरे धीरे ये भ्रष्टाचार ग्रामीण अंचल से लेकर अब जिला मुख्यालय की तरफ बढता नजर आ रहा जिससे साफ नजर आता है कि भ्रष्टाचार की देन जिले की कमान से ही संचालित की जा रही है।**

तत्कालीन जिला पंचायत सी.ई.ओ के स्थानांतरण के बाद नवागत सी.ई.ओ जिला पंचायत के आने के बाद ग्रामीण जनों को उनसे काफी उम्मीदें थी लेकिन शायद वो भी पंचायतों में बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने को नाकाम साबित हो रहे हैं। ऐसा ही नया मामला जिला मुख्यालय से लगा महज पांच किलोमीटर दूर की पंचायत देवदरा का है जहां पर धुंधले बिलों से ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव धांधली करने। में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं बिल ऐसे लगाये जा रहे हैं जिनमें लिखा क्या है मैग्नीफाइन ग्लास से देखने पर भी न शब्द समझ आते हैं और न अंक लेकिन पंचायत दर्पण के पोर्टल में अपलोड पूरी तरह है जिससे साफ नजर आता है कि पंचायत के सरपंच सचिव अपनी कमाई और शासकीय राशि का बंदरबांट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत देवदरा में अनेक ऐसे काम है जो हुए ही नहीं हैं लेकिन फिर भी राशि आहरण कर ली गई है। वहीं जब कुछ ग्रामीणों से रेवांचल की टीम ने बात की तो पता चला कि ग्राम पंचायत देवदरा में लगे बिलों को दर्पण में देख लीजिए भ्रष्टाचार की पूरी कहानी दर्पण ही बता देगा की पंचायत में कितना भ्रष्टाचार सरपंच सचिव कर रहे हैं और उनकी कितनी ही शिकायत की गई लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है बस जांच करेंगे इतना कहकर शिकायत दबा दी जाती है.. वहीं जब इस संबंध में पंचायत के कर्मचारी से फोन(मोबाइल) के द्वारा संपर्क करना चाहा तो उनके द्वारा फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा गया इसलिए उनका पक्ष नहीं रख पाये..।

# द ग्रेट खली का मंडला आगमन कल



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे द ग्रेट खली का मंडला आगमन हो रहा है। यहां पर आयोजित युवा शक्ति संगम रक्तदान शिविर कार्यक्रम में श्री खली अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अजय वंशकार ने बताया कि इस आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कटरा रोड स्थित नर्मदा इन होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर द ग्रेट खली का भव्य स्वागत होगा और रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा। यहां पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तवीरों से रक्तदान करने की अपील की गई है। अनुमान है कि लगभग 500 लोग रक्तदान करेंगे। रक्तदाताओं से द ग्रेट खली चर्चा करेंगे और उनका सम्मान भी करेंगे। वहीं मंच में नगर के समाजसेवी, व्यापारी और प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ द ग्रेट खली नजर आयेंगे। युवाओं का कारवां द ग्रेट खली के आगमन पर जबलपुर जायेगा जहां डुमना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें ससम्मान मंडला लाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर भारतीय सेवा विकास परिषद लगातार बैठके आयोजित कर रहा है। वहीं आगमन पर अन्य स्थानों पर भी श्री खली का नगरवासी स्वागत करेंगे। मंडला में पहली बार द ग्रेट खली का आगमन हो रहा है। युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्वास्थ्य शरीर बलवान शरीर को लेकर सचेत रहने वाले युवा खली से काफी प्रभावित हैं वहीं कार्यक्रम स्थल में पास धारी व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जावेगा। इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, सीआरपीएफ बटालियन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक नजर आयेंगे। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से अनुशासन पूर्वक सफल बनाने के प्रयास और व्यवस्थाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर आयोजन संस्थाओं ने नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक व्यापारी मीडिया पत्रकार बंधु समाजसेवी बुद्धिजीवी जिला प्रशासन जनप्रतिनिधियों से सहयोग अपील गई है।

# गहन पुनरीक्षण के तहत स्टेंडिंग कमेटी की बैठक-सह-प्रेस वर्ता 28 अक्टूबर को

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वीडियो कॉफ्रेंस 27 अक्टूबर में गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में 28 अक्टूबर को जिला योजना भवन मण्डला के सभाकक्ष में अपरान्ह 4 बजे से स्टेंडिंग कमेटी की बैठक-सह-प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। बैठक-सह-प्रेस वर्ता में जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।




# नेत्रहीन संगीत कलाकार ने मन मोह लिया बिछिया नगर वासियों का

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले के विकास खंड बिछिया में विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) नगर बिछिया के तत्वाधान में दिनांक 25 अक्टूबर को रात्रि में उड़ीसा राज्य से आए हुए नेत्रहीन कलाकार (जीवन नेत्रहीन ग्रुप) द्वारा वार्ड नं.04 खेरमाई मंदिर प्रांगण, बिछिया में भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। धार्मिक भजनों, देशभक्ति गीतों, छत्तीसगढ़ी भाषा में भजन गायन कर जीवन नेत्रहीन ग्रुप ने सभी नगरवासियों का मन मोह लिया। सर्वप्रथम जीवन नेत्रहीन ग्रुप के सभी भाई बहन गायक गायिकाओं का स्वागत विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग बल), खेरमाई मंदिर समिति तथा नगर के धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा किया गया। उसके बाद भगवान गणेश की आराधना से भक्ति कार्यक्रम प्रारंभ हुए। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठजन पी.एल. दीक्षित जी, शिवकुमार साहू जी, आलोक दीक्षित जी, रामकिशोर सोनी जी, विश्व हिन्दू परिषद से जिला उपाध्यक्ष आजाद चौबे जी, नगर अध्यक्ष (विहिप) सचिन तेकाम जी, मातृशक्ति जिला संयोजिका बबीता दीदी जी, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी दीदी जी, रिटायर्ड एएसआई विश्राम सिंह मार्को जी, जिला धर्मप्रसार प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय, सहसंयोजक संजू ठाकुर जी, खेरमाई मंदिर समिति से विजय रजक जी, श्रीराम नंदा जी, सोनू रजक जी, सोनल अग्रवाल जी तथा सहयोगी बंधु पप्पू सोनी जी, सतन साहू जी, शरद डेहरिया जी, छोटू मार्को जी, विमल चौधरी जी, अतुल राजपूत जी, मंजू ठाकुर जी, अजीत हरदहा जी, मातृशक्तियों से कृष्णा जंघेला जी, रजनी तेकाम जी, बीना झरिया जी, कौशल्या तेकाम जी, सुनीता कसार जी सहित नगर की सभी मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता विवेक कुमार पाण्डेय ने तथा आभार प्रकटन नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी जी ने किया। खेरमाई मंदिर बिछिया के पूर्व नगर के धर्मप्रेमी बंधुओं ने बंजारी धाम, विनोद रंगमंच, वेयर हाउस कॉम्प्लेक्स में अलग अलग स्थानों पर इन नेत्रहीन कलाकारों के आयोजन करवाए। उड़ीसा के नवरंगा जिले से आए हुए नेत्रहीन कलाकार लिंगराज पटनायक, लिपू जेना, अच्युत भोई, प्रशांत बैरा, लक्ष्मी जेना, कादंबरी बैरा ने बताया कि हमारे उड़ीसा के नवरंगा जिले में नेत्रहीन लोगों के लिए संगीत तथा अन्य विधाओं के लिए स्कूल संचालित है, जहां सभी विभिन्न प्रकार की कलाओं का अभ्यास करते हुए देश के कोने कोने में जाकर चलित धार्मिक गायन आयोजित करते हैं एवं हमारी कोई फीस नहीं होती, दानपेटी साथ में लेकर चलते हैं, जिसकी जो स्वेच्छा है, वह धर्मप्रेमी हमें दान करते हैं, जिससे हमारे जीवन का भरण पोषण होता है। इस प्रकार बहुत ही कम वाद्य यंत्रों में, कम सुविधाओं में उड़ीसा के नेत्रहीन कलाकारों द्वारा भक्तिगीतों की अद्भुत प्रस्तुति की गई, जिससे नगर भुआ बिछिया का माहौल भक्तिमय हुआ। इनके भक्तिगीतों और देशभक्ति गायन ने नगरवासियों के मन को जीत लिया।

# आवास मेला शहरी का आयोजन 29 को

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक 2.0 अंतर्गत अंगीकार अभियान के तहत पीएम आवास मेला शहरी का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से नगरपालिका टाउनहॉल मण्डला में आयोजित किया जा रहा है।

उक्त मेला में बैकों के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। आवास मेला में आवास योजना के बीएलसी घटक, एएचपी घटक (भूमिहीन तथा किरायेदार हेतु), आईएसएस घटक (बैंकों के माध्यम से आवास के लिए होमलोन स्वीकृति 1.80 हजार रुपए तक ब्याज में छूट) तथा पीएम सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी प्रदाय की जावेगी।

# रिजॉर्ट परिसर के बाहर पेस्ट-कंट्रोल कर्मचारी की मृत्यु, कंपनी ने स्पष्टीकरण साझा किया

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। क्लब महिंद्रा कान्हा रिजॉर्ट में कार्यरत एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु से रविवार को क्षेत्र में खलबली मच गई। मृतक की पहचान *टंकेश गौतम के रूप में हुई है, जो कृष्णा पेस्ट कंट्रोल कंपनी में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर की सुबह टंकेश गौतम ने अस्वस्थता की शिकायत की और रिजॉर्ट परिसर से घर लौटने के लिए निकले। कुछ समय बाद सूचना मिली कि वे रिजॉर्ट से कुछ दूरी पर मार्किट में गिर पड़े हैं। घटना की जानकारी मिलते ही रिजॉर्ट प्रबंधन की टीम मौके पर पहुँची और तुरंत उन्हें अस्पताल पहुँचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**

## कंपनी ने जारी किया बयान

महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कंपनी ने कहा कि श्री गौतम उनके प्रत्यक्ष कर्मचारी नहीं थे, बल्कि एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी थे। कंपनी प्रवक्ता ने बताया, ह्लघटना हमारे परिसर से बाहर हुई थी। फिर भी, हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुँची और आवश्यक सहायता सुनिश्चित की। हम मृतक के परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं तथा स्थानीय प्रशासन के साथ पूर्ण पारदर्शिता से कार्य कर रहे हैं।

## सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रवक्ता ने आगे कहा कि अतिथियों, कर्मचारियों, साझेदारों और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रिजॉर्ट संचालन में सुरक्षा, देखभाल और अनुपालन के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखा जाता है।

## घटना परिसर के बाहर हुई

कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह घटना क्लब महिंद्रा कान्हा रिजॉर्ट परिसर के भीतर नहीं, बल्कि परिसर से बाहर उस मार्ग पर हुई जहाँ कर्मचारी घर लौट रहे थे।

## जांच व सुरक्षा समीक्षा

स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर कंपनी घटना के कारणों की जांच में सहयोग कर रही है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल की पुनः समीक्षा किए जाने की बात भी कही गई है।

## कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रश्न

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि चाहे कर्मचारी प्रत्यक्ष हों या आउटसोर्स्ड, उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य पर निरंतर ध्यान देना कितना जरूरी है। कंपनी ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और सहायता का आश्वासन दिया है।


मंडला में गिरफ्तारी के लिए तीन हजार रुपए का इनाम घोषित, पुलिस कर रही तलाश

# अवैध शराब मामले में NSUI उपाध्यक्ष भी आरोपी




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त करने के मामले में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष कोविद सिंह ठाकुर को आरोपी बनाया है। हिरदेनगर चौकी क्षेत्र से जब्त 125 पेटी शराब प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद उनका नाम सामने आया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि कोविद सिंह ठाकुर की गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने 14 अक्टूबर की देर रात बम्हनी और महाराजपुर थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 282 पेटी अवैध शराब जब्त की थी। इसकी अनुमानित कीमत 22 लाख 91 हजार रुपये से अधिक है। इसमें बम्हनी क्षेत्र से 157 पेटी और हिरदेनगर क्षेत्र से 125 पेटी शराब बरामद हुई थी। इस मामले में तीन प्रकरण दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। कोविद सिंह ठाकुर की राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण यह मामला सियासी रूप से भी गरमा गया है। वह कांग्रेस युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं। वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले के करीबी माने जाते हैं। इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जिलाध्यक्ष डॉ. मर्सकोले ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार आरोपियों पर दबाव डालकर कोविद का नाम जोड़ा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मंडला में शराब प्रतिबंधित होने के बावजूद हर गली-मोहल्ले में इसकी आपूर्ति जारी है और आबकारी विभाग की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने पुलिस कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा कि मोहन सरकार ने पवित्र नगरी में शराब प्रतिबंधित किया है। पुलिस अपना विधिसम्मत कार्य कर रही है। जिस पर आरोप सिद्ध होंगे, उस पर कानून के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठाती है।

# नर्मदा तट पर छठ पूजा



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** सोमवार को नर्मदा तट पर छठ पूजा का आयोजन किया गया। व्रतधारी महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत शनिवार को नहाय-खाय के साथ हुई थी, जिसका समापन मंगलवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। छठ पूजा में षष्ठी तिथि का विशेष महत्व होता है। इस दिन घरों में ठेकुआ, चावल के आटे और घी से बने लड्डू जैसे पकवान तैयार किए गए। इसके बाद बांस के सूप में पांच प्रकार के फल, दीए और पकवान सजाकर व्रतधारी सिर पर दौरा रखकर रपटा घाट पहुंचे। वहां गन्ने का मंडप बनाकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। इस दौरान महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर भी लगाती हैं, जिसकी मान्यता है कि इससे पति की उम्र लंबी होती है। पर्व की शुरूआत शनिवार को नहाय-खाय के साथ हुई थी। इस दिन महिलाओं ने सूर्योदय से पूर्व स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और पूजा के उपरांत चने की दाल, कद्दू की सब्जी तथा चावल का प्रसाद ग्रहण किया। व्रतधारी महिलाएं संतान की प्राप्ति, सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और आरोग्य की कामना के लिए 36 घंटे का निर्जला उपवास रखती हुई साक्षात सूर्य देव और छठी मैया की आराधना करती हैं।

# तीन दिवसीय अखिल भारतीय युवा संत चिंतन वर्ग




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले में विश्व हिंदू परिषद का तीन दिवसीय अखिल भारतीय युवा संत चिंतन वर्ग का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर पूज्य संत नर्मदा नंद बापू जी महाराज विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार एवं संरक्षक दिनेश चंद मंचासीन रहे सर्वप्रथम भगवान श्रीराम दरबार एवं भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित एवं आरती पूजन किया एवं आचार पद्धति एवं मंचीय परिचय उपरांत उद्बोधन हुआ कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय धमाचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी द्वारा किया गया केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने पूज्य सन्तो का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष एवं विश्व हिन्दू परिषद के 60 वर्षों में यह प्रगति हुई जब लोग यह कहते है की हमे गर्व है कि हम हिन्दू है और देश भक्त हिन्दू जागरूक हिन्दू स्वाभिमानी हिन्दू खड़ा हो रहा है। पहले अपने को हिन्दू कहना कठिन लगता था उसके प्रति आदर नही होता था कुछ लोगों का कहना था कि सभी धर्म एक जैसे है अगर ऐसा होता तो हिंदुओं में भी आतंकवादी पैदा होते। सभी का अपने संचित करम के अनुसार जन्म हुआ है। जब राम मंदिर का आंदोलन हुआ तब कार सेवकों ने अपने खून से राम लिखा था मन्दिर निर्माण के लिए 40 दिन में देश के 65 करोड़ लोगों ने उम्मीद से ज्यादा धन एकत्र किया। हिंदुत्व का गौरव बढ़ा है अब कोई हिंदुत्व की अवहेलना नहीं कर सकता। विश्व हिन्दू परिषद ने 850 गांव चुने है जहा धर्मांतरण की जड़े फैलती जा रही हैं वहां सब मिलकर प्रयत्न करेंगे तो धर्मांतरण रोकने एवं गांव गांव घर वापसी करने वाले लोग मिलेंगे पूज्य संत नर्मदा नंद बापू महाराज ने सन्तो का आव्हान करते हुए कहा कि हमारा सनातन समाज एकत्रित रहे इसके लिए सभी युवा संत एकत्र हुए है देश मे बढ़ रहे ईसाईकरण एवं इस्लामीकरण को रोकना और धर्मान्तरित लोगों को वापस लाना इसका प्रयास सबको मिलकर करना है विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश ने संगठन की स्थापना उद्देश्य एवं आवश्यकता के बारे में बतलाते हुए कहा कि देश की आजादी के



बाद भी हिन्दू समाज मे हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नही थी गौमाता सुरक्षित नही थे हमारे मठ मन्दिर साधू संत हमारे मानबिंदु सुरक्षित नहीं थे विदेश में रहने वाले हिन्दू भी सनातनी सभ्यता से विमुख होता जा रहा था। जिसके लिए देश एवं विदेश में देशभक्त समझदार स्वाभिमानी संस्कारवान, सक्रिय एवं संगठित हिन्दू समाज बनाने की आवश्यकता थी। उन्होंने पूज्य संतों का आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार आधारित शिक्षा स्थापित करने की भूमिका पूज्य सन्तो को निभाना पड़ेगा एवं समाज मे दायित्व बोध के साथ कर्तव्य बोध जाग्रत करना पड़ेगा क्योकि ईश्वर ने विश्व कल्याण के लिये हमें दायित्व दिया है तभी भारत वैचारिक रूप से मजबूत होकर खड़ा होगा जिस प्रकार शरीर को मजबूत बनाने के लिए रीढ़ का मजबूत होना आवश्यक है उसी प्रकार अगर विश्व का कल्याण करना है तो भारत को मजबूत बनाना होगा भारत तभी मजबूत होगा जब भारत की परंपरा मजबूत होगी। चिंतन वर्ग में देश के सभी 44 प्रान्तों से 300 से अधिक प्रमुख युवा संत केंद्रीय पदाधिकारी एवं प्रान्त धमार्चार्य सम्पर्क प्रमुख शामिल।



# 70 दिनों से हड़ताल पर मनरेगा अभियंता, पंचायतो में रूके पड़े काम, उपयंत्री और मजदूरो की काली रही दिवाली

## मनरेगा अध्यक्ष बोले हम कर रहे शांतिपूर्ण आंदोलन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** वेतन विसंगति, ग्रेज्युटी, अनुकंपा नियुक्ति सहित 8 सूत्रीय मांगो को लेकर विगत 18 अगस्त से काम बंद हड़ताल पर गए जिले के सभी 68 उपयंत्रियों की हड़ताल 70 दिनों से लगातारी जारी। मनरेगा उपयंत्रियो की हड़ताल से मनरेगा कार्यो सहित पंचायत के निर्माण कार्यो पर ब्रेक लग गया है, जिसके कारण, मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है।

इस दिपावली हड़ताल पर रहे उपयंत्रियो को वेतन तो नहीं मिला, लेकिन उपयंत्रियों की हड़ताल से ग्राम के मजदूरों को भी भुगतान नहीं मिलने से उनकी दीपावली काली रही।

सोमवार को नगर के उद्यान में मनरेगा अभियंताओं ने बैठक की और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। कोसमी पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गगन नगपुरे ने बताया कि उपयंत्रियों की हड़ताल से पंचायतो में निर्माण कार्य अटके पड़े है, पंचायत में राशि होने के बावजूद, वह कोई काम नहीं करा पा रहे है। जिससे काम नहीं मिलने से मजदूर भी परेशान है।

मनरेगा अभियंता संघ जिलाध्यक्ष भीवराम भोयर ने बताया कि 70 दिनो से शांतिपूर्ण हड़ताल कर रहे मनरेगा अभियंताओ की सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। जिससे अभियंताओं में सरकार के प्रति नाराजगी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया तो अब हमारा आंदोलन उग्र रूप धारण कर सकता है। शासन मनरेगा उपयंत्रियों की मांगों पर कोई निर्णय नहीं ले पा रहा है और मनरेगा अभियंता भी अपनी मांगो को लेकर अड़े है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब, तक हड़ताल जारी रहेगी। काम बंद हड़ताल से ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं पर असर पड़ा है और मजदूरों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मनरेगा के तहत चल रहे तालाब निर्माण, सडड़ मरम्मत, नाली निर्माण और अन्य सार्वजनिक कार्य ठप हो गए हैं।

### ये है मांगें

मनरेगा उपयंत्रियों की मांगों में संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक की सेवा अवधि से किया जाए और समकक्ष सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य किया जाए। वार्षिक वेतन वृद्धि दिए जाने के आदेश तत्काल जारी किया जाए, मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए। मनरेगा उपयंत्रियों को किसी भी प्रकरण में पद से पृथक ना करते हुए निलंबित किए जाने, जिला और प्रदेश स्तर पर आरईएस एवं मनरेगा के उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची अनुसार सहायक यंत्री के प्रभार दिया जाए, नियमित कर्मचारियों की भांति मनरेगा उपयंत्री हेतु उपादन (ग्रेज्युटी) भुगतान के आदेश तत्काल जारी किया जाए।

## मलेरियॉ के मरीज से 108 एम्बुलेंस चालक एवं ईएमटी द्वारा रुपए मांगने का मामला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मरीज को उपचार के लिए बिरसा से बालाघाट लाने के दौरान 108 एम्बुलेंस के चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा मरीज से रुपए मांगे जाने का मामला सामना आने पर कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर उनके विरूद्ध बिरसा एवं बालाघाट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने के साथ ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन चालक एवं ईएमटी की लापरवाही के कारण मरीज के उपचार में विलंब होने से उसकी मृत्यु हो गई है। इस प्रकरण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक को 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने वाली अनुबंधित संस्था जय अम्बे एमरजंसी सर्विसेज के लिए कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि बैहर विकासखंड के ग्राम जत्ता निवासी 20 वर्षीय युवती गायत्री उईके पिता सालिकराम उईके के मलेरिया से पीड़ित होने पर मरीज को 26 अक्टूबर को रात्रि 08:57 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा से जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए रेफर करने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया गया था, जिस पर 108 एम्बुलेंस क्रमांक सीजी-04-एनएस-2464 रात्रि लगभग 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा पहुंची थी और रात्रि लगभग 10:15 बजे मरीज एवं उसके परिजनों को लेकर जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए रवाना हुई थी। वाहन चालक द्वारा लौगूर घाटी के घने जंगलों वाले ऊँचे पहाड़ी रास्ते पर रात्रि लगभग 11:30 बजे एम्बुलेंस रोककर वाहन चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा रोगी के परिजन से 700 रुपए की मांग की गई और कहा गया कि हम केवल रोगी के साथ परिवार के 02 सदस्यों को ही ले जाते है, आप 04 लोग हो इसलिए आपको 700 रुपए देना होगा नही तो हम आगे नही ले जाएंगे। पीड़ित परिवार के पास मात्र 600 रुपए ही उपलब्ध थे, जो उन्होंने वाहन चालक को दे दिये, तभी वाहन आगे बढ़ाया गया। रास्ते में वाहन चालक एवं ईएमटी मरीज को बालाघाट के प्राईवेट अस्पताल में ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे थे, जबकि बिरसा अस्पताल से मरीज को स्पष्ट रूप से जिला चिकित्सालय बालाघाट ले जाने के लिए कहा गया था। 108 एम्बुलेंस द्वारा रात्रि लगभग 12~10 बजे रोगी एवं उसके परिजनों को जिला चिकित्सालय बालाघाट में छोड़ा गया।

## सोना लेकर फरार आरोपी एक साल बाद गिरफ्तार

# आरोपी से 16 लाख का 120 ग्राम सोना बरामद, कर्मी ने जेवरात के दुकान से गहने बनाने के नाम पर उड़ा दिया था सोना



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** वारासिवनी पुलिस ने जेवरात व्यापारी से सोने बनाने के नाम पर 200 ग्राम सोना लेकर फरार हुए आरोपी पश्चिम बंगाल के हावड़ा अंतर्गत थाना जयपुर के धन्नागड़ी निवासी सनातन पिता महादेव दोलाई (35) वर्ष को गिरफ्तार किया है।

घटना 3 नवंबर 2024 की है, इस मामले में वारासिवनी के आंबेडकर चौक स्थित ज्वेलर्स शॉप के संचालक आकाशदीप पंचारिया ने पुलिस को शिकायत की थी कि दुकान में कार्यरत कारीगर सनातन दोलाई को 200 ग्राम जेवर निर्माण करने के एिल सोन दिया था। लेकिन वह 9 नवंबर 2024 से बिना जानकारी दिए दुकान से चला गया है। जिसमें पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओ के तहत गबन का अपराध दर्ज कर जांच में लिया था।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद आरोपी की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान हमें आरोपी सनातन दोलोई के वारासिवनी में होने की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने थाने में दर्ज अपराध में उसे गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने वारासिवनी स्थित उसके किराए के कमरे से 20 ग्राम सोने के धातु के टुकड़े और नाले के पास छिपाकर रखे गए 100 ग्राम के एक सोने के बिस्कुट, सोने की चॉकलेट तथा सोने की पट्टी बरामद की गई है। कुल सोने की सामग्री 120 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत तकरीबन 16 लाख रूपए है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है।

## प्रदेश में महिलाएं और बेटियां नहीं सुरक्षित

# संगठन सृजन अभियान को लेकर बालाघाट पहुंची पर्यवेक्षक खुर्सीद अंसारी, कहा गमछे वालों को बचाने का काम कर रही भाजपा





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत ही अब कांग्रेस संगठनो के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति का खाका कांग्रेस ने तैयार किया है। इसी के तहत महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को लेकर पर्यवेक्षक खुर्सीद अंसारी, सोमवार को बालाघाट पहुंची। यहां विधायक अनुभा मुंजारे और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सर्किट हाउस में पर्यवेक्षक खुर्सीद अंसारी ने महिला कांग्रेस पदाधिकारियों से संगठन सृजन अभियान को लेकर चर्चा की।

इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए खुर्सीद अंसारी ने भाजपा सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में महिलाओं से लेकर बच्चियों तक सुरक्षित नहीं है। प्रदेश सरकार केवल गमछा वालो को बचाने में जुटी है, जबकि आज भी बेटियां या महिलाएं, घर से निकलती है तो उन्हें डर होता है कि वह सुरक्षित रह पाएगी की नहीं। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना, सरकार के लिए केवल वोट बैंक है, भाजपा बेटी बचाओ, बेटी प?ाओ का नारा देती है लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर वह गंभीर नहीं है। बिना अध्यक्ष की महिला कांग्रेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मंशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत ही संगठन जिलाध्यक्ष का नाम तय किया जा रहा है, इसी काम से वे आज बालाघाट पहुंची है और यहां से महिला अध्यक्ष के नामों का पैनल लेकर, वह वरिष्ठ अधिकारियों को देगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा किसी मुद्दे से भटकाने के लिए राहुल गांधी पर हमला बोलती है जबकि आज देश, महंगाई, महिला सुरक्षा और अन्य समस्याओं से जूझ रहा है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष का युवक की पिटाई करते वीडियो वायरल

# ग्रामीण पुलिस ने युवक के पिता की शिकायत पर दर्ज किया मामला, मंडल अध्यक्ष बोले युवक आरोपी प्रवृत्ति के



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह प्लास्टिक के पाईप से युवक की पिटाई करते नजर आ रहे है। जिसको लेकर सोशल मीडिया में उनकी जमकर आलोचना हो रही है। बताया जाता है कि मंडल अध्यक्ष, भाजपा संगठन पदाधिकारियों के खास है। इस वीडियो के सामने आने के बाद ग्रामीण पुलिस ने मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे के खिलाफ बीएनएस की धाराओ के तहत अपराधिक मामला दर्ज किया है। फिलहाल, अभी वह, पुलिस पकड़ से दूर है। ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि मामले में युवक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे, जिस युवक को मार रहे है, उसका नाम अंकित दमाहे है। जिसके पिता ने ही पुलिस में शिकायत की है। हालांकि यह वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है, गोंगलई मंडई के दूसरे दिन, जिन चार आरोपियों को पुलिस रंगदारी और आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार किया था। उसमें अंकित दमाहे भी था।

इस मामले में मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे ने सोशल मीडिया में हो रही आलोचना पर अपना पक्ष रखते हुए बताया है कि ये चारों लोग नशेड़ी है पुराने कई गंभीर मामले है। गांव में सार्वजनिक स्थानों पर हमेशा से शांति भंग करना इनका पेशा हैं। हर मामले को राजनीति से ना जोड़ा जाए।

# बीमारी से तंग आकर किसान ने खाया जहर अस्पताल में मौत, पुलिस ने कराया पीएम







**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला अस्पताल में बीमारी से तंग आकर, जहर खाने वाले कटंगी थाना क्षेत्र के अर्जुननाला निवासी किसान की मौत हो गई।

घटना बीते 25 अक्टूबर की रात की है, जब बाहर से जहरीली दवा खाकर घर आने के बाद फूलचंद पिता भैयालाल ठाकरे की हालत बिगड़ने पर परिजन, उन्हें लेकर गांव के डॉक्टर के पास ले गए। जहां प्राथमिकी उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर, कटंगी अस्पताल लाया।

जिसके बाद रिफर पर परिजन जिला अस्पताल लेकर आए थे। जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल में ईलाजरत फूलचंद की मौत के बाद ड्यूटी डॉक्टर ने, अस्पताल चौकी पुलिस को तहरीर दी। सोमवार को अस्पताल में मौत की तहरीर मिलने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

बड़े बेटे सुनील ठाकरे ने बताया कि पिता बीमार थे। जिन्हें लकवा, बवासीर अन्य बीमारी थी। जिनका ईलाज चल रहा था। 25 अक्टूबर को बाहर से जब घर आए तो उनकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद गांव के डॉक्टर के पास ले गए। जहां उनके मुंह से झाग निकल रहा था। जहां से हालत पर सुधार नहीं होने पर हम उन्हें कटंगी अस्पताल लेकर गए। जहां से भी पिता की हालत को देखते हुए रिफर कर दिया। जिन्हें हम फिर जिला अस्पताल लेकर आए। यहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि मामले में परिजनों के बयान दर्ज किए गए है। मामले की अग्रिम जांच कटंगी पुलिस करेगी।

## वाहन चालक करते रहे मिन्नते, यायायात पुलिस ने काटा चालान, 31 वाहनो पर की गई कार्यवाही, ग्रामीण पुलिस ने उतारी काली फिल्म, स्टॉपर को घसीटते ले गया वाहन चालक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट में एसपी की क्लास के बाद हरकत में आई पुलिस, थाना क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात और नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही करने, मैदान पर खड़ा दिखाई दे रहा है। रविवार की देररात तक अमला, सड़को पर दिखाई दिया और नियमों का उल्लंघन करते हुए चल रहे वाहनो को पकड़ा। हालांकि इस दौरान वाहन चालक मिन्नते करते रहे लेकिन पुलिस ने बिना चालान काटे वाहनों को नहीं छोड़ा। तो दूसरी ओर सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुधारने सड़क पर लगाए गए स्टॉपर को एक वाहन टक्कर मारता हुआ निकाल गया। बात करें यातायात विभाग की तो थाना के नजदीक काली पुतली चौक पर ड्यूटी में तैनात थाना प्रभारी सूबेदार यीना राहंगडाले ने अमले के साथ 31 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 16 हजार रूपए जुर्माना वसुला। जबकि ग्रामीण थाना में काली फिल्म लगाकर वाहन का संचालन कर रहे वाहन चालक को रोककर, पुलिस ने वाहन के कांच में लगी काली फिल्म को निकाला। यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है। रविवार की रात, काली पुतली चौक पर बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 20 वाहन चालकों पर जुर्मान कार्यवाही कर उन्हें दुपहिया वाहन चलाते समय, हेलमेट लगाने की समझाईश दी गई। साथ ही बिना नंबर प्लेट 5 वाहन, तीन सवारी बैठालकर चला रहे 3 वाहन, दुपहिया वाहन में मोडिफाइड साइलेंसर के 2 वाहन, सर्च लाइट लगाकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन, बिना कागज 1 वाहन और बिना सीट बेल्ट के 5 वाहनों पर कार्यवाही की गई। जिसमें 16 हजार रूपए जुर्माना वसुला गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही सतत जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से वाहन चलाते हुए नियमों का पालन करने की बात कही।

## आत्मा परियोजना के अंतर्गत 50 महिला कृषकों को बैगन की खेती के लिए सहायक सामग्री वितरित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन आत्मा वर्ष 2025-26 कैफेटेरिया फसल प्रदर्शन (एलाइड) अंतर्गत विकासखण्ड बैहर, बिरसा एवं बालाघाट में कुल 50 महिला कृषकों को बीज एवं आदान सामग्री प्रदान की गई है। उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि इन महिला कृषकों को बैगन के बीज, कल्चर, प्लास्टिक मल्चिंग, हसिया, फावड़ा, खुरपी एवं सब्जी रखने के लिए प्लास्टिक कैरेट प्रदान किये गए है। इस सामग्री के मिलने से महिलां बैगन की उन्नत खेती कर सकेंगी और अपने परिवार के लिए आय का अतिरिक्त साधन जुटाने में सक्षम होगी।

## संपादकीय

# रो-को का जवाब नहीं

दुनिया में असंख्य समस्याएं, टकराव, तनाव, विध्वंस और फिर भी युद्ध की विभीषिकाएं हैं। उनका कब तक, क्यों, कहां तक और कैसे विश्लेषण करें। एक पल, एक दिन सुखद, गौरव, गर्व महसूस करने का मिल जाए, तो उसे एक अभिनव दीपावली मान-समझ कर जी लेना चाहिए। दीपावली गुजरने के बाद हमने भी आज उन लम्हों को चुना है, जो हमारे राष्ट्रीय गौरव हैं, जिनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली (संक्षेप में रो-को) सरीखे वैश्विक किरदार हैं। उनका आकलन एक-दो शून्य से नहीं किया जा सकता। महानतम ब्रेडमैन, गैरी सोबर्स से लेकर ब्रायन लारा तक, ऑस्ट्रेलिया में ही महानतम रिकी पोंटिंग से स्टीव स्मिथ तक, भारत में पॉली उमरीगर, विजय मर्चेंट से लेकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ तक और अब रो-को तक कौनसा ऐसा बल्लेबाज है, जो कभी शून्य पर आउट नहीं हुआ। यह अपवाद नहीं, विज्ञान या प्रौद्योगिकी नहीं कि मशीन एक जैसा ही काम करेगी। मशीन और कम्प्यूटर भी खराब हो जाते हैं, तो क्या आप उन्हें कोस सकते हो? कदापि नहीं, क्योंकि वे जीवंत, इनसानी प्राणी नहीं हैं। क्रिकेट या कोई अन्य खेल, अंततः, खेल ही होता है। कुछ क्षण, दिन, मूड खिलाड़ी के अनुकूल नहीं होते, तो वह नाकाम रहता है। मैच हार जाता है। वह स्थिति या खिलाड़ी का फॉर्म अस्थायी होता है। दरअसल व्याख्या और विश्लेषण खिलाड़ी की क्लास, हुनर और विख्यात कीर्तिमानों की होनी चाहिए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की उम्र 38 साल 180 दिन की है, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की जमीं, पिच पर, उन्हीं की विश्व विजेता टीम के सामने, नाबाद 121 रन (125 गेंद) ठोंक दिए। इस पारी में 13 चौके और 3 छक्के थे। रोहित का ऑस्ट्रेलिया में यह 9वां शतक था, जो महानतम सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड के बराबर है। रोहित एकदिनी क्रिकेट में 33 शतक, 59 अर्द्धशतक लगा चुके हैं, जबकि कुल अंतरराष्ट्रीय शतक 50 हो गए हैं। एकदिनी क्रिकेट में सर्वोच्च रन 264 भी रोहित के नाम दर्ज हैं। वह वैश्विक क्रिकेट के ऐसे इकलौते बल्लेबाज हैं, जिसके नाम एकदिनी क्रिकेट में ही 3 दोहरे शतक दर्ज हैं। यकीनन ये जादुई, शानदार और अतुलनीय आंकड़े हैं। रोहित शर्मा ने उम्र को व्यर्थ, महज एक आंकड़ा साबित कर दिया है। एकदिनी क्रिकेट में वह 11370 रन ठोंक चुके हैं। भारत में वह सचिन और विराट के बाद तीसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली की उम्र भी 37 साल के आसपास है। विश्व कप, 2027 तक दोनों की उम्र 40 साल होगी। आलोचक और विरोधी भी उन्हें चुका हुआ बल्लेबाज नहीं आंक सकते। विराट ने भी ऑस्ट्रेलिया की जमीं और पिच पर नाबाद 74 रन की पारी खेली है। रो-को ने दूसरी विकेट के लिए नाबाद 168 रनों का कीर्तिमान भी बना दिया। रो-को की यह शतकीय साझेदारी 19वीं बार है। लेकिन रोहित शर्मा उर्फ हिटमैन कुल 68वीं बार शतकीय साझेदारी का हिस्सा बने। विराट के नाम एकदिनी 51 शतकों का विश्व-कीर्तिमान भी दर्ज है। उन्होंने ही महानतम सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के कीर्तिमान को पीछे किया था। वह अब विश्व क्रिकेट में सचिन के सर्वाधिक 18,426 रनों के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। विराट ने ही संगकारा के 14,234 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा। दरअसल रो-को का कोई जवाब ही नहीं है। इनके कीर्तिमानों का एक पूरा इतिहास है, लिहाजा एक संपादकीय अपनी परिधि में इन्हें बांध नहीं सकता। टीम इंडिया के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता किसी भी पूर्वाग्रह के तहत रो-को को टीम से बाहर रखें, तो देश भर में बवाल मच जाएगा। रोहित को फिर से कप्तान बनाने के मद्देनजर गावस्कर, कपिल देव, रवि शास्त्री, नवजोत सिंह सिद्धू सरीखे विश्व चैम्पियन खिलाडि?ों ने सोशल मीडिया पर लगातार टिप्पणियां लिखी हैं और बीसीसीआई को अपने गलत फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। खिलाडि?ों का चयन उनकी क्लास और मौजूदा खेल के आधार पर किया जाना चाहिए। सिर्फ उम्र के आधार पर उन्हें रिटायर होने को बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। रोहित शर्मा टी-20 की विश्व चैम्पियन टीम के भी कप्तान थे। बहरहाल रो-को के संदर्भ में कोई भी दुराग्रह निंदनीय है।

# गांवों में साहूकारी कर्ज की चुनौती

इन सुधारों के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता में सुधार करने और ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों से जुड़ी बुनियादी वित्तीय शिक्षा से साहूकारों पर निर्भरता कम की जानी होगी। सरकार ने किसानों को साहूकारों के चंगुल से बचाने के लिए जो कानून बनाए हैं, उन कानूनों के पर्याप्त परिपालन पर ध्यान देना होगा। यकीनन देश में ग्रामीण भारत के विकास और किसानों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी गांवों में बड़ी संख्या में छोटे किसान साहूकारी कर्ज के घेरे में आते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ग्रामीण धारणा सर्वेक्षण रिपोर्ट 2025 के तहत ग्रामीण भारत में ऋण वितरण और चुनौतियों के संबंध में दो अत्यधिक महत्वपूर्ण बातें रेखांकित हुई हैं। पहली अहम बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब 54.5 फीसदी परिवार केवल औपचारिक स्रोतों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी समितियां, सूक्ष्म वित्त संस्थान आदि से ऋण लेते हैं, जो सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



चूंकि ग्रामीणों को ऋण के औपचारिक स्त्रोतों के माध्यम से जो ऋण दिए जाते हैं, वे सरकार के द्वारा निर्धारित कुछ निश्चित नियमों व शर्तों के तहत उचित निर्धारित ब्याज दर से जुड़े होते हैं, अतएव कर्ज लेने वाले ग्रामीण आर्थिक शोषण से बच जाते हैं। रिपोर्ट की दूसरी प्रमुख बात यह है कि यद्यपि ग्रामीण भारत में औपचारिक ऋण वितरण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई परिवार साहूकारों, दोस्तों, परिवारों और अन्य अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर हैं। लगभग 22 फीसदी ग्रामीण परिवार पूरी तरह साहूकारों और अनौपचारिक स्त्रोतों से प्राप्त ऋणों पर निर्भर हैं। यह वर्ग अभी भी ऊंची ब्याज दर पर कर्ज दे रहा है और औसत ब्याज दरें लगभग 17-18 फीसदी से भी अधिक होती हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गांवों में लगभग 23.5 फीसदी परिवार औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों तरह के ऋणों पर निर्भर हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक ऋण व्यवस्था ने अच्छी प्रगति की है। हाल ही में प्रकाशित विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक गांवों में किसानों को औपचारिक ऋण से जोड? के मद्देनजर सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। इससे ग्रामीण लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि, डिजिटल उपयोग में वृद्धि, खपत में वृद्धि, ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच, गांवों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार, ग्रामीण भारत के लोगों की पूरक आय में वृद्धि जैसी सकारात्मक पृष्ठभूमि निर्मित हुई हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना देश के करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती देते हुए दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए अब तक देश के कोई 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 20 किस्तों में 3.9 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है, जिससे उन्हें खेती-किसानी से जुड़े खर्चों में राहत मिल रही है। इतना ही नहीं देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। लेकिन चिंताजनक यह है कि अभी भी ग्रामीण जनजीवन के करीब 22 फीसदी लोगों की कर्ज के लिए साहूकारों और अनौपचारिक स्त्रोतों पर जो निर्भरता बनी हुई है, उसके कारण बड़ी संख्या में छोटे किसानों की आर्थिक सुरक्षा कमजोर है। स्थिति यह है कि जब कई छोटे किसानों को आय अस्थिरता, मौसमी जोखिमों और सरकार से पर्याप्त धन हस्तांतरण की कमी का सामना करना पड़ता है, तब इन परिस्थितियों में ये किसान भारी भरकम ब्याज के बावजूद साहूकारों की चौखट पर दस्तक देते हुए दिखाई देते हैं। कई बार सामाजिक और जनसांख्यिकीय कारक भी साहूकारों से ऋण लेने के मद्देनजर असर डालते हैं। स्थिति यह भी है कि कई बार छोटे किसान औपचारिक स्त्रोतों से ऋण लेना तो चाहते हैं, मगर इसके लिए उनकी तैयारी पर्याप्त नहीं होती, मसलन दस्तावेज की कमी, गारंटी दाता की कमी एवं अन्य शर्तें बाधा डालते हुए दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित कृषि परिवारों की स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण और संपूर्ण भारत ऋण और निवेश सर्वेक्षण के अनुसार लगभग पचास प्रतिशत कृषि परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक किसानों को ऋण के लिए संस्थागत बैंकों के साथ-साथ गैर-संस्थागत स्त्रोतों जैसे साहूकारों और रिश्तेदारों पर भी निर्भर रहना पड़ता है। कई बार ये छोटे किसान भारी भरकम ब्याज दर से ऋण चुका पाने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में उन्हें ब्याज के बोझ को हल्का करने के लिए फिर ऋण लेना होता है और ऐसे छोटे किसान साहूकारों के ऋण जाल में फंसते चले जाते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि गांवों में बैंक शाखाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 2024-25 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग शाखाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33378 से बढकर दिसंबर 2024 तक 56579 हो गई। साथ ही गांवों में सहकारी समितियों का नया विस्तार दिखाई दे रहा है। ऐसे में गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम भी उठाने की जरूरत है। छोटे ऋणों और कम अवधि के ऋण वाली कई योजनाएं तैयार करके साहूकारों पर निर्भरता कम की जाना होगी। यह भी महत्वपूर्ण है कि गांवों में साहूकारों पर ऋण निर्भरता की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यवसायों को विश्वसनीय संस्थागत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने हेतु लक्षित नीतिगत उपाय सुनिश्चित किए जाने होंगे। खासतौर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अंतिम छोर तक मजबूत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) की भूमिका को प्रभावी बनाना होगा। गांवों में तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एनबीएफसी के लिए एक मजबूत पुनर्वित्त सुविधा तत्काल सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के तहत प्रतिभूति हितों को लागू करने के लिए ऋण राशि की सीमा को और घटाया जाना अत्यधिक लाभकारी कदम होगा। इन सुधारों के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता में सुधार करने और ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों से जुड़ी बुनियादी वित्तीय शिक्षा से साहूकारों पर निर्भरता कम की जाना होगी। सरकार ने किसानों को साहूकारों के चंगुल से बचाने के लिए जो कानून बनाए हैं, उन कानूनों के पर्याप्त परिपालन पर ध्यान देना होगा। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी और वे साहूकारों के ऋण जाल में फंसने से बचेंगे। इससे छोटे किसानों की खुशहाली बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था निश्चित ही आगे बढ़ेगी।

## राशिफल

**मेष राशि :-** प्रत्येक कार्य में विलम्ब, धन हानि, चिन्ता, असमर्थता का वातावरण क्लेशयुक्त होगा।

**वृष राशि :-** असमंजस-असमर्थता का वातावरण कष्टप्रद रखे, सार्म्थय सुरक्षा समय की स्थिति से बनेगा।

**मिथुन राशि :-** योजनाएं फलीभूत हों, सफलता के साधन जुटायें तथा कार्य-दुर्घटना से बचेंगे।

**कर्क राशि :-** भाग्य का सितारा प्रबल हो, प्रयत्न से सफलता मिले, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**सिंह राशि :-** समृद्धि के साधन बनें, सतर्कता से रुके कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**कन्या राशि :-** समृद्धि के साधन बनेंगे, सामाजिक तनाव व उद्विघ्नता तथा क्लेश से अशांति अवश्य होगी।

**तुला राशि :-** स्वास्थ्य नरम रहे, असमर्थता के वातावरण से मानसिक उलझन बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :-** कुटुम्ब में क्लेश व अशांति, आरोप, विभ्रम, असमंजस का वातावरण बनेगा।

**धनु राशि :-** दैनिक कार्यगति में सुधार, सफलता की कार्ययोजना बने, विशेष कार्य बन जायेंगे।

**मकर राशि :-** कार्यवृत्ति में सुधार, चिन्ता निवृत्ति तथा सफलता के साधन अवश्य ही जुटायें।

**कुम्भ राशि :-** इष्ट मित्र सुखवर्धक रहें, दैनिक कार्यगति में सुधार, इष्ट मित्र सहायक बने रहेंगे।

**मीन राशि :-** आर्थिक कार्ययोजना पूर्ण होगी, दुर्घटना के योग बनेंगे, समय कष्टप्रद, ध्यान रखें।

# छठ व्रती परिवार की सुख-समृद्धि के लिए सूर्य देवता को देते हैं अर्घ्य

चार दिवसीय छठ पूजा शुरू हो गई है, सुख-समृद्धि, सौभाग्य की संकल्पना साकार करने के लिए सनातन धर्मावलंबी महिलाएं डाला छठ का कठिन व्रत कर रही हैं। त्याग की पराकाष्ठा के इस व्रत में व्रती उत्साह से ओतप्रोत होकर भजन-पूजन में लीन रहते हैं तो आइए हम आपको छठ पूजा व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। छठ महापर्व केवल एक दिन का त्योहार नहीं है बल्कि यह चार दिनों तक चलने वाला महापर्व है। पहले दिन नहाय खाय होता है, जिसमें दाल-चावल और कद्दू की सब्जी खाया जाता है। इसके अगले दिन खरना होता है इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। पंडितों के अनुसार खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्टूबर, सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढलते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं।

आज उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाना है। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगल कामनाएं की जाती हैं।



**माता सीता ने यहां किया था यहां छठ महापर्व :** बिहार में मुंगेर का लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा से खास और गहरा लगाव है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसकी शुरूआत मुंगेर के सीताचरण मंदिर से हुई थी। माता सीता ने यहां से छठ पर्व का अनुष्ठान किया था। यहां आज भी माता सीता की चरणपादुका मौजूद है। मंदिर परिसर में चार कुंड हैं, जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चारों भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के नाम पर हैं। छठ महापर्व के विशेष महत्व के कारण मुंगेर के अलावा बिहार के दूसरे जिले से भी छठ व्रती यहां गंगा घाट पर छठी मइया को अर्घ्य देने पहुंचते हैं।

**छठ प्रसाद के लिए बनाया जाता है ठेकुआ :** छठ पूजा का सबसे खास प्रसाद ठेकुआ है। व्रती महिलाएं गेहूं के आटे में देशी घी और चीनी मिलाकर ठेकुआ बनाती हैं। अघर्य के दौरान उसे छठी मइया को अर्पित करती हैं। अगले दिन उसे ग्रहण करके व्रत का पारण करेंगी। छठी मइया को नींबू, नारंगी, गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा व ठेकुआ अर्पित किया जाता है। नींबू व नारंगी का रंग पीला होता है। यह रंग शुभ होता है। गन्ना का मंडप बनाकर उसी के अंदर पूजा की जाती है। गन्ना समृद्धि का प्रतीक है, जबकि सिंघाड़ा रोगनाशक होता है। इसी प्रकार केला, सुपाड़ी, पान, अमरूद व नारियल भी पवित्र होते हैं। सूर्य आराधना से शांत होते हैं। छठ पूजा के दौरान प्रसाद के रूप में ठेकुआ, मालपुआ, चावल के लड्डू, फलों और नारियल का प्रयोग किया जाता है। ये सभी प्रसाद शुद्ध सामग्री से बनाए जाते हैं और सूर्य देवता को अर्पित किए जाते हैं।

**छठ पूजा में सूप का होता है इस्तेमाल :** छठ पूजा में बांस से बनी कई वस्तुओं का उपयोग किया जाता है, जिनमें सूप सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। सूप को सूर्य पूजा का अनिवार्य हिस्सा कहा गया है, क्योंकि इसके बिना यह अनुष्ठान अधूरा माना जाता है। सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करते समय सूप का प्रयोग किया जाता है। इसमें फल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद रखकर श्रद्धा के साथ सूर्य भगवान को समर्पित किया जाता है। यह सूप न केवल पूजा का साधन है, बल्कि भक्ति और परंपरा का प्रतीक भी है।

**छठ पूजा में सूर्य देवता की होती है उपासना :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा सूर्य देव (भगवान भास्कर) और उनकी बहन छठी मइया (ऊषा देवी) की उपासना के लिए की जाती है। सूर्य जीवन, ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रतीक हैं, जबकि छठी मइया संतान, समृद्धि और कल्याण की देवी मानी जाती हैं।

# रिजॉर्ट परिसर के बाहर पेस्ट-कंट्रोल कर्मचारी की मृत्यु, कंपनी ने स्पष्टीकरण साझा किया

मंडलाः क्लब महिंद्रा कान्हा रिजॉर्ट में कार्यरत एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु से रविवार को क्षेत्र में खलबली मच गई। मृतक की पहचान *टंकेश गौतम के रूप में हुई है, जो कृष्णा पेस्ट कंट्रोल कंपनी में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर की सुबह टंकेश गौतम ने अस्वस्थता की शिकायत की और रिजॉर्ट परिसर से घर लौटने के लिए निकले। कुछ समय बाद सूचना मिली कि वे रिजॉर्ट से कुछ दूरी पर मार्किट में गिर पड़े हैं। घटना की जानकारी मिलते ही रिजॉर्ट प्रबंधन की टीम मौके पर पहुँची और तुरंत उन्हें अस्पताल पहुँचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**कंपनी ने जारी किया बयान :** महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिजॉर्ट्र्स इंडिया लिमिटेड ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कंपनी ने कहा कि श्री गौतम उनके प्रत्यक्ष कर्मचारी नहीं थे, बल्कि एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी थे। कंपनी प्रवक्ता ने बताया, घटना हमारे परिसर से बाहर हुई थी। फिर भी, हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुँची और आवश्यक सहायता सुनिश्चित की। हम मृतक के परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं तथा स्थानीय प्रशासन के साथ पूर्ण पारदर्शिता से कार्य कर रहे हैं।

**सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता :** प्रवक्ता ने आगे कहा कि अतिथियों, कर्मचारियों, साझेदारों और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रिजॉर्ट संचालन में सुरक्षा, देखभाल और अनुपालन के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखा जाता है।

## घटना परिसर के बाहर हुई

कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह घटना क्लब महिंद्रा कान्हा रिजॉर्ट परिसर के भीतर नहीं, बल्कि परिसर से बाहर उस मार्ग पर हुई जहाँ कर्मचारी घर लौट रहे थे।

## जांच व सुरक्षा समीक्षा


स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर कंपनी घटना के कारणों की जांच में सहयोग कर रही है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल की पुनः समीक्षा किए जाने की बात भी कही गई है।

## कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रश्न

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि चाहे कर्मचारी प्रत्यक्ष हों या आउटसोर्स्ड, उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य पर निरंतर ध्यान देना कितना जरूरी है। कंपनी ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और सहायता का आश्वासन दिया है।

# राम नाम जप के साथ संस्कारधानी पहुंचा श्री राम दिग्विजय रथ

## रमनगरा स्थित शंकराचार्य मठ में भव्य स्वागत, 26 नवम्बर को पहुंचेगी गोवा





जबलपुर। धार्मिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य बंद्रीनाथ क्षेत्र आ रहे श्री राम दिग्विजय रथ यात्रा भारत के सात राज्यों से गुजरते हुए रविवार देर शाम संस्कारधानी पहुंची। यहां पर रमनगरा स्थित शंकराचार्य मठ में इस ऐतिहासिक यात्रा का भव्य स्वागत संत, धर्मगुरुओं व रामभक्तों द्वारा पुष्पवर्षा और आरती उतारकर किया गया। रमनगरा स्थित जगत गुरु शंकराचार्य आश्रम के यज्ञ शाला रमनगरा ब्रह्मचारी शाश्वतानंद जी महाराज ने बताया कि रथ का यहां पर आना और इसका दर्शन प्राप्त करना सभी संस्कारधानियों का सौभाग्य है। सनातन के कार्य में हर सभी सनातनियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। श्रीसंस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठः के पंचशतमानोत्सव समिति के सदस्य पवन प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य 550 दिनों में 550 करोड़ बार श्री राम जय राम जय जय राम का जाप करना, जो एक अभूतपूर्व धार्मिक अभियान बन चुका है। प्रतिदिन एक करोड़ राम नाम का जप किया गया है। 550 दिनों में 550 करोड़ राम नाम जप गत 18 अक्टूबर को पूर्ण हो चुका है। यात्रा का शुभारंभ 17 अप्रैल 2024 को बद्रीनाथ क्षेत्र से हुआ था, और यह पूरे भारत में आस्था और भक्ति की लहर को जगाने का कार्य कर रहा है। रथ श्रीनगर, दिल्ली, कन्नौज, अयोध्या, काशी से होते हुए जबलपुर संस्कारधानी पहुंचा है। इसके बाद यहां से यह रथ अमरावती होते हुए रथ यात्रा 26 नवंबर 2025 को गोवा स्थित पुर्तगाली केंद्र मठ पहुंचेगी, जो इस अभियान का समापन स्थल होगा।

**पर्तगाली में तैयार हो रही प्रभु श्रीराम की 77 फीट की प्रतिमा**

पवन प्रभु ने बताया कि पर्तगाली गोवा में प्रभु श्रीराम की ब्रांच मटेरियल से 77 फीट की प्रतिमा तैयार कराई जा रही है। इसका निमार्ण स्टेच्यू ऑफ यूनिट तैयार करने वाले कलाकार कर रहे हैं।

**इन्होंने किया रथ यात्रा का स्वागत :** जबलपुर में रमनगरा स्थित शंकराचार्य मठ पहुंचे रथ का पूजन-अर्चन उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे के प्रतिनिधि श्रीकांत कुक्की वर्मा, सोनू पंडा खेरमाई मंदिर मानस भवन, विपिन ठाकुर, अंकित ठाकुर, रामभक्त एमएल तिवारी, शुभम शुक्ला, हर्षित चौरसिया एवं अन्य भक्तों ने किया। इस अवसर पर रथ के साथ समिति गिरिधर नायक, श्री निवास कामक, पंडित शरण आचार्य, आनंद भट्ट, कृष्ण आनंद भट्ट, गोपाल भट्ट, चंद्रहास नायक, मंजूनाथ प्रभु, संदीप भट्ट, संतोष पई, भुवन, पवन प्रभु ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वन विभाग जल्द करेगा बड़ा खुलासा, आरोपियों के गिरेबान तक पहुंची टीमें

# करेंट लगाकर मारा तेदुओं को, अब राजनीति का सहारा लेकर बचाव की कोशिश....

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जबलपुर वन परिक्षेत्र के महेंद्र गोयंका फार्म हाउस में चीतल की संदिग्ध मौत ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि सीसीटीवी फुटेज नष्ट कर सबूत मिटाने की कोशिश की गई जिससे स्पष्ट है कि घटना को छिपाने का प्रयास हुआ।**



स्थानीय लोगों का आरोप है कि अगर यही मामला किसी गरीब से जुड़ा होता तो अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती लेकिन अमीर महेंद्र गोयंका के प्रभाव के कारण विभाग मौन है।अब गोयंका ने मीडिया में चल रहे प्रकरण को राजनैतिक मोड़ देने की कोशिश शुरू कर दी है। उन्होंने एक वायरल वीडियो में कहा कि वे कटनीझ्रजबलपुर में निवेशक के रूप में आना चाहते हैं, पर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक उन्हें रोक रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि विधायक ने कब और कैसे रोका। क्या उद्योग लगाने के नाम पर जंगली जानवरों को मौत के घाट उतारना ही निवेश है। वन्यजीव प्रेमियों ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद वन विभाग ने जांच तो प्रारंभ की, परंतु कार्रवाई का रुख बेहद ढीला दिखाई दे रहा है। किंतु अमीर और प्रभावशाली महेंद्र गोयंका के मामले में अधिकारी खुशामदी और बचाव के रास्ते तलाशते दिख रहे हैं।जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों का पूरा रिकार्ड नष्ट कर दिया गया। जांच दल का मानना है कि अपराध को मिटाने और सबूत छिपाने के लिए यह कृत्य जानबूझकर किया गया, जो प्रशासन के लिए खुली चुनौती है।इधर, मीडिया में चल रही चीतल की मौत को लेकर महेंद्र गोयंका ने इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास शुरू कर दिया है।वह विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का नाम इस मामले से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि मामले को राजनैतिक विवाद के घेरे में लाकर खुद को निर्दोष साबित कर सकें।

# लंबित पेंशन प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण: कलेक्टर

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। गांवो मे जांये तो किसानों से संवाद अवश्य करें। पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखें और इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करें। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने अधिकारियों को यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, टीएल पत्रों, लंबित पेंशन प्रकरणों, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं अपर कलेक्टर श्री नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे।

## दें कटनी विजन की जानकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड रीठी के नॉमिनेशन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से 3 दिवस में जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार कलेक्टर श्री तिवारी ने कटनी विजन@2047 के तहत विभागों से जानकारी एवं योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बेहतर सेचुरेशन के लिये सुझाव मांगे।

## सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन में जिले को प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त करने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने पीएम किसान, नामांतरण, भुगतान और लाड़ली बहना योजना से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के मामलों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी।

## लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा, राजस्व, जेल, श्रम, कृषि एवं पशुपालन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के डीडीओ को उनके विभाग में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

## समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष तौर पर नगर निगम की ई-केवाईसी की मौजूदा प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया।

इसी प्रकार खाद्यान्न ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने जानकारी दी कि बीते सप्ताह जिले में 15 हजार 842 हितग्राहियों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। इस दौरान अक्टूबर माह में खाद्यान्न कम वितरित होने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने माह के अंत तक शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## अवमानना एवं उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, जिला परियोजना समन्वयक, सभी जनपद पंचायतों, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अवमानना एवं उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये इन प्रकरणों में समय पर जवाब देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन की भूमि से संबंधित मामलों में अवश्य जवाब दें। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने शासन से प्राप्त निदेर्शानुसार कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही इस अवसर पर जीएसटी बचत, स्वदेशी एवं एक जिला एक उत्पाद को चिन्हांकित करती प्रदर्शनियों को लगाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया ने पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से ऑनलाइन एमएलसी रिपोर्ट व पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दीं। बैठक के दौरान सभी डिप्टी कलेक्टर, सभी एसडीएम, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, जिला संयोजक आदिम जति कल्याण विमल चौरसिया, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद सदस्यों का हुआ ऐतिहासिक सम्मान

# ढीमरखेड़ा जनपद में मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में इस वर्ष दीपावली पर्व कुछ अलग ही अंदाज में मनाया गया । जनपद कार्यालय परिसर में भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल जनपद सीईओ यजुर्वेद्र कोरी, समस्त जनपद सदस्य एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण एक साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी सौहार्द, सहयोग और संगठन के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना था।**

**पहली बार हुआ ऐसा आयोजन-** ढीमरखेड़ा जनपद के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब सभी जनपद सदस्यों का एक साथ मंच पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे एवं सीईओ यजुर्वेद्र कोरी ने सभी जनपद सदस्यों को फूल-माला, नारियल, मिष्ठान, एवं भगवान श्रीराम दरबार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। यह दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक था जैसे ही सम्मान समारोह शुरू हुआ, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जनपद सदस्यों के चेहरे सम्मान और आत्मीयता से खिल उठे। कई सदस्यों ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्हें इस प्रकार का सम्मान मिला है, और यह क्षण उनके जीवन की यादगार उपलब्धि बन गया है।

**जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे का उद्बोधन-** अपने संबोधन में जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने और संबंधों को मजबूत करने का अवसर है। जनपद परिवार के हर सदस्य का योगदान विकास की रोशनी फैलाने में समान रूप से महत्वपूर्ण है। आज का यह मिलन समारोह इसी भावना का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि जनपद पंचायत केवल योजनाओं का केंद्र नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम है। प्रत्येक सदस्य यदि अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाए तो निश्चित ही हमारा क्षेत्र विकास की नई ऊँचाइयों को छू सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ह्लआने वाला वर्ष जनपद के लिए और अधिक प्रगति लेकर आए।

**जनपद सीईओ यजुर्वेद्र कोरी ने बढ़ाया उत्साह-** कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सीईओ यजुर्वेद्र कोरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनपद पंचायत का वास्तविक बल उसके जनप्रतिनिधि और कर्मचारी होते हैं। यदि दोनों के बीच आपसी तालमेल और सम्मान की भावना बनी रहे, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि दीपावली हमें यह सिखाती है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, एक दीपक भी उसे दूर कर सकता है। ठीक उसी प्रकार यदि हम सब मिलकर एकजुट होकर काम करें, तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। सीईओ श्री कोरी ने बताया कि जनपद कार्यालय में पारदर्शिता और जनसहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने जनपद सदस्यों को आश्वासन दिया कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनके सुझावों को सर्वोपरि रखा जाएगा।

**जताया आभार-** जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सम्मान और एकता का उत्सव है। उन्होंने जनपद अध्यक्ष एवं सीईओ का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जनपद ढीमरखेड़ा नई पहचान बना रहा है। जनपद सदस्यों ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से मनोबल बढ़ता है और कार्य के प्रति नई ऊर्जा प्राप्त होती है। कुछ सदस्यों ने यह भी कहा कि अब जनपद में परिवार जैसी भावना विकसित हो रही है, जो क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

# पोर्टल पर समग्र आई डी का आधार के साथ ई-केवाईसी करना अनिवार्य

**कटनी** । निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सूचित किया गया है कि पोर्टल पर समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। अतः जिन नागरिकों ने अभी तक अपने समग्र की आधार से ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराई है, वे 31 अक्टूबर 2025 तक नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय में संपर्क कर अपनी जानकारी सत्यापित कराते हुए ई के वाई सी करा सकते है। नगर निगम उपयुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र श्री शैलेश गुप्ता ने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण न होने की स्थिति में ऐसी आई डी को डुप्लीकेट आई डी मानते हुए उन्हें पोर्टल से डिलीट करने की कार्यवाही की जाएगी । जिससे संबंधित शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है। अतः नागरिकों से अनुरोध है कि जिन्होंने अभी तक अपनी आई सी अपडेट नहीं कराई है वे निर्धारित अवधि 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करा लें ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ पूर्व की भांति मिलता रहे।

आदर्श विद्यालय रामपुर में संपन्न हुआ जागरूकता अभियान

# साइबर ठगों से रहें सावधान : ढीमरखेड़ा पुलिस

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया और एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुवेर्दी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा पुलिस लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है।**



इसी क्रम में आज ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर स्थित मॉडल स्कूल में पुलिस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आधुनिक तकनीक को समझना और जागरूक होना बहुत जरूरी है अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने से बचें। ट्रेफिक अवेयरनेस के बारे में हेलमेट पहनने के फायदे एवं ना पहनने से होने वाली जनहानि के बारे में बताते हुए थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि कोरोना काल में जितनी मृत्यु कोरोना से नहीं हुई उससे कहीं ज्यादा मृत्यु प्रतिवर्ष एक्सीडेंट से होती हैं। छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए छात्राओं से अपील की गई कि गोपनीय रूप से पुलिस को जानकारी दे सकती हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे से किसी भी इंसान को चार प्रकार की हानियां होती हैं। सबसे पहले शारीरिक, फिर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से नशा व्यक्ति को पूरी तरह से तबाह कर देता है। एक व्यक्ति को नशे की लत लग जाने के कारण उसका पूरा परिवार परेशानियों का सामना करता है। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ अपना करियर कैसे बनाएं इसके बारे में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक गण और पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहे।

# कलेक्टर श्री तिवारी की अध्यक्षता में वाटरशेड जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**कटनी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत वाटरशेड जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने वाटरशेड योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से किये गये कार्यों के क्रियान्वयन के बाद आमजन के जीवन में आये बदलावों और प्रभावों का विश्लेषण करने के निर्देश दिए।**

उन्होंने जिले में क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन गतिविधि में किसानों की संख्या को बढ़ाने और ग्रामीणों को चिया की खेती के प्रति और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को चिया सीड का वाजिब मूल्य दिलानें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से मार्केटिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। किसानों को अच्छी कीमत मिलने से वे इसकी खेती के प्रति प्रोत्साहित होंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि मां की बगिया और अन्य जलीय संरचनाओं के निर्माण में साइट सलेक्शन के लिये सिपरी साफ्टवेयर का उपयोग किया जाय। बैठक में बताया गया कि वाटरशेड और राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की संयुक्त अभिसरण से मुर्रा प्रजाति की 94 भैंस स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हितग्राहियों को प्रदान की गई थीं। जिस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भैंस प्राप्त करने वाले परिवारों के आमदनी में वृद्धि और इसके बाद उनकी जिंदगी में आये बदलाव के प्रभाव का भी आकलन किया जाय। उन्होंने मुर्रा भैंस पाने वाले हितग्राहियों के गांवों को सांची के मिल्क रूट में शामिल कराने की हिदायत दी। बैठक में उपसंचालक कृषि डॉ आर एन पटेल, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन वी ए सिद्दीकी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती, वाटरशेड प्रभारी जिला पंचायत कमलेश सैनी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गौरीशंकर खटीक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

# लाड़ली बहना योजना पर कांग्रेस का हमला वादाखिलाफी का आरोप, मुख्यमंत्री से जवाब मांगती कांग्रेस

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी बोले — "लाड़ली बहनों के खाते में अब तक नहीं आई बढ़ी हुई राशि, सरकार केवल झूठे वादों पर चल रही है.....

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। सिवनी मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना योजना एक बार फिर राजनीतिक विवादों में घिर गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर तीखा प्रहार किया है। मरावी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वयं घोषणा की थी कि अक्टूबर माह में लाड़ली बहनों के खाते में ?1500 की राशि जमा की जाएगी, लेकिन दीपावली और भाई दूज बीत जाने के बाद भी यह बढ़ी हुई राशि अभी तक किसी के खाते में नहीं आई है।**

**सरकार कर्ज में डूब रही जनता से किए वादे अधूरे-** नरेश मरावी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से मोहन यादव लगातार कर्ज लेकर योजनाएँ चला रहे हैं, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति डगमगाने लगी है। उन्होंने कहा, ह्लजब सरकार के पास घोषणाएँ पूरी करने की क्षमता नहीं है, तो जनता से झूठे वादे करना बंद किया जाना चाहिए।ह्लमरावी ने कहा कि भाजपा सरकार ने



विधानसभा चुनाव से पहले कई वादे किए थे -लाड़ली बहनों को 3000 प्रति माह, किसानों को धान ?3100 व गेहूँ ?2700 प्रति क्विंटल, बिजली बिल आधा करने और किसानों का बिजली बिल माफ करने जैसी घोषणाएँ की थीं। लेकिन इनमें से अधिकांश वादे अब तक अधूरे हैं।

**कमलनाथ सरकार ने किए थे वादे पूरे-** कांग्रेस अध्यक्ष मरावी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि 2018 में कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरी निष्ठा से निभाया गया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन में -किसानों का कर्ज माफ किया गया,फसलों के उचित दाम दिए गए,बिजली बिल हाफ किया गया, और सामाजिक सुरक्षा पेंशन ?300 से बढ़ाकर ?600 की गई।उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के वृद्ध, दिव्यांग और कल्याणी पेंशनधारी ?600 पेंशन ही पा रहे हैं, जबकि उन्हें भी लाड़ली बहना योजना के बराबर सहायता राशि मिलनी चाहिए।

लाड़ली बहना योजना का पंजीयन रुका, बहनें इंतजार में

मरावी ने यह भी बताया कि लाड़ली बहना योजना को शुरू हुए दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन नए पंजीयन की प्रक्रिया अब तक प्रारंभ नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ह्लप्रदेश की हजारों बहनें पंजीयन शुरू होने का इंतजार कर रही हैं। सरकार को तुरंत पंजीयन शुरू करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। कांग्रेस ने राज्य सरकार से मांग की है कि-

1. लाड़ली बहनों के खातों में 1500 की बढ़ी हुई राशि तुरंत जमा की जाए।
2. वृद्ध, दिव्यांग और कल्याणी पेंशन को लाड़ली बहना योजना के बराबर बढ़ाया जाए।
3. लाड़ली बहना योजना का पंजीयन शीघ्र शुरू किया जाए ताकि कोई भी पात्र महिला वंचित न रहे।

# श्रम विभाग में सुरक्षा एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के लिए हर्ट फ्री काउंटर सिस्टम लागू

**कटनी** । श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक दुर्घटनाओं की निगरानी के लिये हर्ट फ्री काउंटर और इंसीडेंट रिपोटिंग सिस्टम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। संचालक औद्योगिक सुरक्षा नमिता तिवारी ने बताया है कि हर्ट फ्री काउंटर प्रणाली का उद्देश्य कार्यस्थलों पर बिना किसी औद्योगिक दुर्घटना के बीते दिनों की गणना एवं प्रदर्शन करना है। इसके माध्यम से विभाग प्रत्येक उद्योग या निर्माण स्थल पर सुरक्षा के स्तर की निगरानी कर सकेगा तथा 'शून्य दुर्घटना की दिशा में प्रेरणा प्रदान करेगा। 'इंसीडेंट रिपोटिंग सिस्टम का उद्देश्य किसी भी दुर्घटना या घटना की डिजिटल रिपोटिंग को सरल और त्वरित बनाना है। इस प्रणाली से अधिकारी तत्काल सूचना प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शीघ्र समाधान में सहायता मिलेगी।





दैनिक रेवांचल टाइम्स — निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें

संवाददाता भी नियुक्त करना है

प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320

प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.

क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार सुबह 11 बजे से 2 बजे तक

दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज
- कील मुहाँसे का सफलतम ईलाज
- चेहरे का साँवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
- तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
- चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
- सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
- काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
- एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
- चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा

रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# गायत्री परिवार, समाज-संस्कृति-संस्कारों को पुष्पित-पल्लवित कर ऊर्जा का संचार कर रहा है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आत्म निर्माण-राष्ट्र निर्माण और युग निर्माण की गतिविधियों के लिए युवा चिंतन शिविर का मध्यप्रदेश में होना गर्व का विषय

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के शिविर के शुभारंभ-सत्र को किया संबोधित



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का दिल है। जिस प्रकार हृदय, शरीर के रक्त को शुद्ध कर हमारी आयु बढ़ाता है, उसी प्रकार गायत्री परिवार समाज-संस्कृति-संस्कारों को पुष्पित-पल्लवित कर नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के माध्यम से आत्म निर्माण-राष्ट्र निर्माण और युग निर्माण की यह गतिविधियां देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश से संचालित हो रही हैं। हम सबको इस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी तो वर्ष 1947 में मिल गई थी लेकिन वैचारिक रूप से युवाओं को दृष्टि प्रदान करने के लिए डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। संघ का यह शताब्दी वर्ष है। पंडित मदन मोहन मालवीय, बाल गंगाधर तिलक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए दृष्टि प्रदान कर योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को शारदा विहार विद्यालय में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के तीन दिवसीय प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के शुभारंभ-सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**राज्य सरकार ने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों को पाठ्यक्रमों में किया शामिल**
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते दौर में भारतीय संस्कृति के सामने चुनौतियां हैं। परंतु भारत और विश्व में गायत्री परिवार की अखंड ज्योति भी प्रज्ज्वलित है। गायत्री परिवार, सर्वे भवंतु सुखिनः की सनातन भावना का पालन करते हुए मानवता की सेवा को ही अपना धर्म मानकर कार्य कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी उत्थान, पर्यावरण, ग्राम विकास और नशा मुक्ति के क्षेत्र में गतिविधियों के माध्यम से धर्म सेवा और राष्ट्र निर्माण का कार्य निरंतर जारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। इसमें सनातन को समृद्ध करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने वाले अध्याय जोड़े गए हैं। राज्य सरकार ने भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को भी पाठ्यक्रमों में शामिल किया है। हर्ष का विषय है कि गायत्री परिवार ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक विषमता को दूर करने की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

**गायत्री परिवार ने संस्कारों की पद्धति को सरल और ग्राह्य बनाया :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गायत्री परिवार ने विवाह सहित सभी संस्कारों की पद्धति को सरल और ग्राह्य भाषा में कराने की प्रक्रिया आरंभ की, जिससे जनसामान्य को संस्कारों का महत्व और उनमें निहित भावना समझने में मदद मिली। राज्य सरकार द्वारा वैदिक पद्धति से काल गणना के लिए वैदिक घड़ी तैयार की गई है। इसी क्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी कार्य जारी है।

**हम बदलेंगे-युग बदलेंगे की भावना गायत्री परिवार का आधार :** गायत्री परिवार के डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार कोई संस्था नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। यह एक विचार धारा है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री मंत्र को केवल जप नहीं बल्कि जीवन की दिशा बनाया। उन्होंने सिखाया कि युग परिवर्तन का आरंभ व्यक्ति के भीतर से होता है। उन्होंने 'हम बदलेंगे युग बदलेगा' की सीख देते हुए बतायाकि जब मनुष्य स्वयं सुधरता है तो परिवार सुधरता है। परिवार सुधरता है तो समाज बदलता है और समाज बदलता है तो राष्ट्र बदलता है। यही गायत्री परिवार के विचार का आधार है। माताजी भगवती देवी शर्मा ने इस विचार को मातृत्व का स्वर दिया और सेवा को साधना बना दिया।

डॉ. पंड्या ने बताया आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों पर आधारित विकसित भारत-2050 का खाका तैयार करना इस शिविर का उद्देश्य हैं। स्वस्थ युवा-सशक्त राष्ट्र, शालीन युवा-श्रेष्ठ राष्ट्र, स्वावलम्बी युवा-संपन्न राष्ट्र और सेवाभावी युवा-सुखी राष्ट्र इस आयोजन के लक्ष्य हैं। प्रांतीय चिंतन शिविर में केंद्रीय मंत्री श्री दुगार्दास उइके, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री रामकृष्ण कुसमारिया सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य और युवा उपस्थित थे।



# मेले में हुआ विवाद, तालाब में मिला युवक का शव

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के हर्रई थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ा में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 21 वर्षीय युवक का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान अभिषेक उईके (निवासी मेहंदा) के रूप में हुई है। वह शनिवार को भेड़ा गांव में लगे मड़ई मेले में गया था, जहां कुछ युवकों से उसका विवाद हुआ था। शव पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

**शनिवार को मेले में हुआ था विवाद :** जानकारी के अनुसार, अभिषेक उईके (21 वर्ष), निवासी मेहंदा, शनिवार को भेड़ा में आयोजित मड़ई मेले में शामिल होने गया था। बताया जा रहा है कि मेले में कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया था।

**सुबह तालाब में तैरता मिला शव :** रविवार सुबह जब ग्रामीण तालाब की ओर गए, तो उन्होंने पानी में एक शव देखा। सूचना पर हर्रई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया।

**शरीर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका :** पुलिस के अनुसार, शव पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**पुलिस बोली- मामला संदिग्ध, पीएम रिपोर्ट का इंतजार :** थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संदिग्ध है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि युवक का मेले में किसी से झगड़ा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

वहीं, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि अभिषेक की हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

# जनजातीय वर्ग के वन-भूमि पट्टेधारी किसानों को सब्जियों के उत्पादन पर मिलेगा विशेष अनुदान

भोपाल। प्रदेश में जनजाति बाहुल्य ग्रामों में वनपट्टाधारी परिवारों को सब्जी उत्पादन के प्रति प्रोत्साहित कर, उनके सामाजिक और आर्थिक जीवन में सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके तहत प्रदेश के चार संभाग के 16 जिलों में जनजाति वर्ग के लोगों को वन भूमि पर पैदावार बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सब्जियों के उत्पादन के लिए विशेष अनुदान दिया जाएगा। अनुदान राशि प्रति हैक्टेयर इकाई लागत का 90% तक हो सकता है। आयुक्त उद्यानकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में नर्मदापुरम संभाग में नर्मदापुरम , बैतूल, हरदा, जबलपुर संभाग में जबलपुर, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा कटनी, नरसिंहपुर, डिंडोरी और बालाघाट, शहडोल संभाग में शहडोल, उमरिया और अनूपपुर तथा भोपाल संभाग में भोपाल और सीहोर जिलों के कोलार बांध के आसपास के वनपट्टाधारी किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। इन किसानों को कृषि तकनीकी विशेषज्ञ और मार्केटिंग एक्सपर्ट की सलाह पर उच्चमूल्य वाली सब्जी फसलों जैसेः- टमाटर, लौकी, करेला, फूलगोभी, पत्ता गोभी, ब्रोकली ब्रुसेल्स, स्प्राउट, बाकलावली, हरी मटर, बैंगन, शिमला मिर्च, भिंडी, खीर, हरी मिर्च, गाजर चुकंदर, शलजम, मूली, गांठ गोभी, राजमा, शकरकंद, केल-करम साग, सहजना की फली या मुनगा तथा पात्तिदार सब्जियों पर अनुदान सहायता राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को विभाग के एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन किसानों का चयन योजना के अंतर्गत किया जाएगा, उनको उद्यानकी विभाग द्वारा सब्जी फसल उत्पादन की नवीन तकनीकियों, फसलोत्तर प्रबंधन, विपणन एवं संस्करण और विषयों का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

# नर्मदापुरम में बारिश से तवा डैम के गेट खोलने पड़े

## गुना में पक चुकी मक्का की फसल खराब श्योपुर में खुले में रखा धान भीगा

भोपाल। मध्यप्रदेश में लो प्रेशर एरिया और ट्रफ की एक्टिविटी होने से बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में आधे प्रदेश में पानी गिरा। सबसे ज्यादा श्योपुर में 2.2 इंच पानी गिर गया। पचमढ़ी (नर्मदापुरम) में 1.6 इंच, बैतूल में 1.5 इंच और बालाघाट के मलाजखंड में 1 इंच बारिश हुई। भोपाल, नर्मदापुरम, नौगांव, दतिया, गुना, रायसेन, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, देवास, टीकमगढ़, इंदौर, दतिया, उमरिया, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, हरदा, पांढुर्णा, सागर, सीधी, मंडला और नरसिंहपुर में भी बारिश हुई। आज भी ग्वालियर समेत कई जिलों में बारिश हो रही है। रविवार रात को बारिश के बाद सोमवार को भी कई जगह बूंदा-बांदी हो रही है। इटारसी के तवा डैम के जलस्तर को काबू पर रखने के लिए सोमवार सुबह 3 गेट खोले गए हैं। गुना में खेतों पर सूख रही मक्का फसल बारिश के चलते खराब हो गई। सोमवार को किसान फसल को खेतों से निकालने में लगे रहे। श्योपुर में खुले में रखी धान की फसल गीली हो गई। तिरपाल ढककर फसल को बचाने की कोशिश की जा रही है।

# मप्र के पहले छठ मैया मंदिर का भोपाल में लोकार्पण

### दो बार टूटा पत्थर, तीसरे प्रयास में मूर्ति हुई पूर्ण; सूर्य देव के 7 घोड़ों वाले रथ पर आरूढ़ स्वरूप



भोपाल। भोजपुरी समाज के लिए इस बार का छठ पर्व खास होने जा रहा है। भोपाल के लिंक रोड नंबर 3 स्थित 5 नंबर छठ घाट पार्क में प्रदेश का पहला छठ मैया मंदिर बनकर तैयार हो गया है। आज इस मंदिर का लोकार्पण महापौर मालती राय, पूर्व मंत्री पीपी शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और विधायक भगवान दास सबनानी और वार्ड 46 के पार्षद गुड्डू चौहान ने किया। छठ पर्व के अवसर पर यहां वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। यह वही स्थान है, जहां कई सालों से श्रद्धालु छठ का अर्घ देते आ रहे हैं। अब पहली बार यहां छठ मैया का भव्य मंदिर तैयार हुआ है, जिसमें सूर्य रूप में छठ मैया की प्रतिमा विराजित हुई।

**तीन बार की मेहनत से बनी प्रतिमा, दो बार बीच में टूटे पत्थर :** छठ मैया की यह प्रतिमा जयपुर के राज्य सम्मानित कलाकार महावीर भारती और निर्मला ने तैयार की है। कलाकारों के अनुसार, प्रतिमा को मकराना संगमरमर से तराशा गया है। मूर्ति निर्माण की सबसे बड़ी चुनौती 16 टन वजनी उपयुक्त पत्थर खोजना था। दो बार पत्थर बीच में ही टूट गए, तीसरे प्रयास में 8-8 टन के दो ब्लॉक्स पर बारीकी से नक्काशी कर यह प्रतिमा तैयार की गई। इतने बड़े संगमरमर पर नक्काशी करना कठिन था। हर रेखा पर ध्यान देना पड़ा ताकि कहीं दरार न पड़े। तीसरे प्रयास में ही मां की प्रतिमा पूर्ण रूप में आकार ले सकी।

**सूर्य देव के रथ पर आरूढ़ स्वरूप :** यह प्रतिमा 6 फीट लंबी, 4 फीट चौड़ी और 5 फीट ऊंची है। इसे सूर्य देव के रथ पर आरूढ़ छठ मैया के स्वरूप में उकेरा गया है, जिसमें सात घोड़े और रथ का रूप विशेष आकर्षण है। निर्माण कार्य में 10 से अधिक कलाकारों ने तीन महीने तक लगातार काम किया। भोजपुरी समाज के सहयोग से मूर्ति निर्माण में लगभग 4.5 लाख रुपए का खर्च आया।

**पहली बार मिला छठ मैया को स्वरूप :** भोजपुरी भाषी विकास संघ के अध्यक्ष प्रेम नारायण उर्फ लक्ष्मण गिरी ने बताया कि यह मंदिर न केवल भोपाल, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए आस्था और गर्व का केंद्र बनेगा। छठ माई का मंदिर यूपी-बिहार से शुरू हुई परंपरा का प्रतीक है। अब यह पर्व विश्व स्तर पर मनाया जा रहा है। छठ मैया की पूजा निराकार रूप में होती है, लेकिन हमने पहली बार उन्हें सूर्य भगवान के स्वरूप में एक आकार दिया है। उन्होंने बताया कि यह मंदिर देश का चौथा छठ मैया मंदिर है।

# रायसेन दशहरा मैदान में धान खरीदी की नई व्यवस्था

### नंबर वाले बोर्ड से लगेंगी ट्रॉलियां, जाम से राहत, टोकन सिस्टम भी शुरू



रायसेन। रायसेन में धान की बढ़ती आवक को देखते हुए दशहरा मैदान को इस साल भी अस्थाई मंडी बनाया गया है। किसानों की सुविधा और जाम की स्थिति से बचने के लिए इस बार कुछ नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इन व्यवस्थाओं के तहत मैदान में लोहे के बोर्ड लगाकर उन पर एक से सात तक नंबर अंकित किए गए हैं। किसान अपनी धान की ट्रॉलियों को नंबर एक से लाइन में लगाएंगे, जिसके बाद व्यवस्थित तरीके से एक के पीछे एक ट्रॉलियां खड़ी की जा सकेंगी। मंडी सचिव वीरेंद्र ठाकुर की मौजूदगी में ये बोर्ड लगाए गए हैं। सचिव ने बताया कि इन बोर्ड के लगने से किसान ट्रॉलियों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कर पाएंगे। इससे लाइन के बीच में कोई भी किसान अपनी ट्रॉली खड़ी नहीं कर सकेगा, जिससे व्यवस्थाएं नहीं बिगड़ेंगी और नीलामी सुगमता से हो सकेगी। साथ ही, कोई भी व्यक्ति जगह रोककर किसानों से पैसे लेकर ट्रॉलियां खड़ी नहीं करवा पाएगा। इसके अतिरिक्त, एसडीएम मनीष शर्मा के निर्देश पर इस साल टोकन सिस्टम भी लागू किया गया है। दशहरा मैदान पहुंचने वाले प्रत्येक किसान को पहले टोकन लेना होगा, जिसके आधार पर ही वह अपनी ट्रॉली खड़ी कर पाएगा। उल्लेखनीय है कि धान की बंपर आवक के कारण दशहरे मैदान में अक्सर 800 से 1000 ट्रॉलियां पहुंचती हैं। पहले अधिकतर किसान सड़क पर ही अपनी ट्रॉलियां पार्क कर देते थे, जिससे दशहरे मैदान के आसपास स्थित स्कूलों और जिला शिक्षा विभाग कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को काफी परेशानी होती थी। नई व्यवस्थाओं से ट्रॉलियों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया जा सकेगा, जिससे जाम की समस्या कम होगी और मंडी संचालन में पारदर्शिता आएगी।

# सायबर सुरक्षा में मध्यप्रदेश ने रचा नया इतिहास : एमपी-सीईआरटी बनी राष्ट्रीय नेतृत्व की मिसाल

## एमपी-सीईआरटी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

भोपाल। विश्व में अक्टूबर माह को 'सायबर सिक्योरिटी अवेयरनेस मंथ' के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जन-सामान्य को इस दिशा में जागरुक बनाने का है कि डिजिटल सुरक्षा केवल विशेषज्ञों की नहीं, बल्कि हर नागरिक और हर संस्था की सामुहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश साइबर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (एमपी-सीईआरटी) ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करते हुए न केवल राज्य, बल्कि देशभर में नई मिसालें कायम की हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया जिसने 'सायबर भारत सेतु, राष्ट्रीय साइबर अभ्यास का सफल आयोजन किया। एमपी-सीईआरटी ने स्थापना के बाद से अब तक 24 से अधिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए हैं। इनमें राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।इन सत्रों का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों को सायबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से जोड़कर उन्हें दैनिक कार्यप्रणाली में डिजिटल सुरक्षा के उपायों के प्रति संवेदनशील बनाना रहा है। एमपी-सीईआरटी ने रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और सीहोर जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए। यहां कर्मचारियों को संबंधित जिला कलेक्टर्स के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व विज्ञान एवं प्रौ?द्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं एमपी-सीईआरटी के निदेशक श्री संजय दुबे ने किया।

एमपी-सीईआरटी ने सितंबर 2025 में 'सायबर भारत सेतु' नामक राष्ट्रीय सायबर अभ्यास का सफल आयोजन किया। सीईआरटी-इंडिया और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौ?द्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से हुये इस आयोजन से मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया जिसने इस स्तर का प्रशिक्षण आयोजन किया। इस अभ्यास से सिद्ध हुआ कि मध्यप्रदेश सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

**नीति-निमार्ताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए विशेष आवासीय प्रशिक्षण :** एमपी-सीईआरटी अब इस आधार पर आगे बढ़ते हुए समूह-अ और समूह-ब अधिकारियों तथा नीति- निमार्ताओं के लिए तीन दिवसीय रेजिडेंशियल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह प्रशिक्षण अभ्यास 27 से 29 अक्टूबर 2025 तक नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, (एनएफएसयू), गांधीनगर, गुजरात में आयोजित किया जा रहा है।इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को सायबर सुरक्षा की समग्र समझ, वैश्विक प्रवृत्तियों, साइबर रक्षा की सर्वोत्तम रणनीतियों और नीति निर्माण की संरचनाओं की गहन जानकारी प्रदान करना है, जिससे शासन के हर स्तर पर सुरक्षा संस्कृति को सशक्त किया जा सके।

**राज्य में सायबर सुरक्षा नेटवर्क के लिये 175 मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति :** एमपी-सीआईआरटी की रणनीति का मूल आधार 'विकेन्द्रित सतर्कता' (डीसेंट्रलाइज्ड विजिलेंस) है। राज्य सरकार ने अब तक 175 मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (सीआईएसओ) की नियुक्ति विभागीय और जिलास्तर पर की है। ये अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सायबर सुरक्षा केवल आईटी इकाइयों तक सीमित न रहे, बल्कि यह हर नीति, प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यप्रवाह का हिस्सा बने। इस नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए एक एकीकृत सीआईएसओ पोर्टल लॉन्च किया गया है। इससे जोखिम, घटनाओं, और संबंधित परामर्शों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग में सहायता मिलेगी। जल्द ही जिलों में भी ई-गवर्नेंस प्रबंधकों (डी ई-जीएम) का भी नोमिनेशन किया जायेगा। उन्हें भी अपने जिलों के सीआईएसओ के रूप में नामित किया जाएगा। इससे राज्य स्तर पर प्रशिक्षित सायबर सुरक्षा नेतृत्व का एक विस्तृत नेटवर्क तैयार होगा।



**सॉफ्टवेयर बिल ऑफ मटेरियल (एसबीओएम): कोड सुरक्षा में अभिनव कदम :** एमपी-सीईआरटी की सबसे प्रभावशाली तकनीकी में से एक सॉफ्टवेयर बिल ऑफ मटेरियल्स पद्धति का उपयोग है। यह प्रणाली सॉफ्टवेयर के घटकों की सूची तैयार करती है। इससे कमजोर या पुराने मॉड्युल्स की पहचान कर उन्हें समय रहते अपडेट किया जा सकता है। इससे नेशनल वल्नरेबिलिटी डेटाबेस (एनवीडी) के साथ समन्वय कर सुरक्षा खामियों की पहचान और समाधान की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।अक्टूबर 2025 तक 12 हजार से अधिक वल्नरेबिलिटी सफलतापूर्वक ठीक की जा चुकी हैं। साथ ही, नेशनल क्रिटिकल इंफोर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर (एनसीआईआईपीसी) के साथ मिलकर 120 से अधिक उच्च-प्राथमिकता वाले मुद्दों का समाधान किया जा चुका है।

**अनाधिकृत विज्ञापनों और सरकारी पोर्टल सुरक्षा पर कार्रवाई :** इंडियन सायबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आईसीसीसी), गृह मंत्रालय की रिपोर्ट पर एमपी-सीईआरटी ने सरकारी वेबसाइटों पर पाए गए अनाधिकृत ऑनलाइन सट्टेबाजी (बेटिंग) विज्ञापनों के मामलों में भी तत्परता दिखाई है। सरकारी पोर्टलों में मिले इन विज्ञापनों में से 40 से अधिक मामलों का निवारण एमपी-सीईआरटी की टीम ने त्वरित रूप से किया है।

**सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता :** एमपी-सीईआरटी न केवल तकनीकी मोर्चे पर, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ा रहा है। संस्था नियमित रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल लेनदेन सुरक्षा और व्यक्तिगत डेटा संरक्षण जैसे विषयों पर सरल और रोचक सामग्री साझा कर रही है। इससे नागरिकों में साइबर सतर्कता की संस्कृति विकसित हो रही है।

सतत निगरानी और राष्ट्रीय सहयोग की दिशा में अग्रसर एमपी-सीईआरटी का तकनीकी दल नियमित रूप से राज्य सरकार के 50 से अधिक पोर्टलों की सुरक्षा स्कैनिंग करता है। इसके माध्यम से कमजोरियों की पहचान कर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाता है। यह पहल राज्य शासन के सभी विभागों में साइबर सुरक्षा को शासन-प्रक्रिया का अभिन्न अंग बना रही है। सायबर सिक्योरिटी अवेयरनेस मंथ के अवसर पर एमपी-सीईआरटी की ये उपलब्धियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि मध्यप्रदेश सायबर सुरक्षित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिये तैयार है। प्रशिक्षण, तकनीकी नवाचार, और विकेन्द्रित सतर्कता के माध्यम से राज्य ने दिखाया है कि जब शासन, तकनीक और जागरूकता साथ मिलेंगे, तभी सुरक्षित डिजिटल भविष्य संभव है।

# अतिक्रमण व गंदगी का केंद्र बन रहा लोक सेवा केंद्र

## दलाली का अड्डा बनते ऑनलाइन काउंटर, हितग्राही परेशान




**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले मे लोक सेवा केन्द्र की स्थापना की गई। लेकिन जिला मुख्यालय मे बनाया गया लोक सेवा केन्द्र की वजह लोक परेशानी का केंद्र बनता जा रहा है। जिसे लेकर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। दिन प्रतिदिन लोक सेवा केन्द्र की स्थिति और भी बदहाल होती जा रही है कार्यालय के आसपास गंदगी का अंबार तथा अतिक्रमण पैर पसार चुका है। वही लोक सेवा केन्द्र के आसपास लगी आनलाइन सेंटर चलाने वाले दुकानदारों द्वारा भी लोगों को मनमाफिक पैसे लेकर काम कराये जा रहे है जो काम महज 30 - 40 रूपए मे होना चाहिए उसके लिए 150 से 200 रूपए तक लोगों से लिए जाते है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

### खुलेआम चल रहा दलाली का खेल

लोक सेवा केंद्र का मूल उद्देश्य है जनता के सरकारी कार्यों को सरल, पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराना। परंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल विपरीत है। केंद्र के आसपास मौजूद तथाकथित ऑनलाइन सेवा केंद्रों ने सरकारी कामों में दलाली का नया रूप गढ़ लिया है। ये दुकाने अब खुलेआम इस बात का दावा करती हैं कि हमारे जरिए काम जल्दी हो जाएगा। हितग्राहियों से 300 से 500 रुपए तक वसूले जा रहे हैं, जबकि यही कार्य शुल्कमुक्त या न्यूनतम दर पर लोक सेवा केंद्र के अंदर होता है। जनता की सेवा के नाम पर अब यहाँ स्थित ऑनलाइन फोटो कॉपी की दुकानों के जरिये खुलेआम व्यापार चल रहा है। जो नागरिक सीधे आवेदन करने आते हैं, उन्हें केंद्र के बाहर ही दलालो द्वारा रोक लिया जाता है, इसका सबसे ज्यादा शिकार ग्रामीण भोले भाले लोग हो रहे है यह स्थिति लोक सेवा केंद्र की मूल भावना के विपरीत है। लोक सेवा केंद्र के चारों ओर सफाई की स्थिति अत्यंत खराब है कचरे के ढेर, प्लास्टिक की थैलियाँ और गंदा पानी पूरे परिसर को बदबूदार बना चुके हैं केंद्र के पास से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। जहाँ कभी साफ-सफाई और अनुशासन दिखता था, अब वहाँ कीचड़, धूल और गंदगी का साम्राज्य है।

### शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा

दिन में जहाँ सरकारी कामकाज चलता है, वहीं शाम ढलते ही यह स्थान शराबियों के जमावड़े में तब्दील हो जाता है। लोक सेवा केंद्र के आसपास शराब की बोतलें, पॉलिथीन और डिस्पोजल गिलास आम दृश्य बन चुके हैं। दीवारों के पास टूटी बोतलें, फैली हुई दुर्गंध और नशे में धुत लोगों के झगड़े इस क्षेत्र की दिनचर्या बन गए हैं। अंधेरा बढ़ते ही शराबी युवकों के समूह यहाँ बैठकर हंगामा करते हैं इससे महिला हितग्राहियों और आसपास के दुकानदारों में भय का माहौल रहता है। कई बार राहगीरों के साथ बदसलूकी की घटनाएं भी सामने आई हैं, परंतु पुलिस गश्त न के बराबर है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो यह क्षेत्र जल्द ही असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन सकता है। बरसात के मौसम में इस केंद्र की स्थिति बेहद दयनीय हो जाती है पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण, भवन के सामने कई फीट तक पानी भर जाता है। सड़क और प्रवेश द्वार पूरी तरह डूब जाते हैं कचरे और मिट्टी से नालियाँ जाम हैं, जिससे पानी लंबे समय तक रुका रहता है। इससे चारों ओर बदबू फैलती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। कई बार हितग्राही पानी में पैर डुबोकर ही कार्यालय तक पहुँचते हैं यह दृश्य किसी तालाब या नाले जैसा प्रतीत होता है, न कि सरकारी सेवा केंद्र जैसा। कभी जनता की सुविधा का प्रतीक यह केंद्र अब बरसात में असुविधा का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है परंतु प्रशासनिक मशीनरी मौन है। लोक सेवा केंद्र में न शौचालय है और न ही पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था। सैकड़ों लोगों की रोजाना उपस्थिति के बावजूद यहाँ मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है।

### सुविधाओं को बना हुआ है टोटा

लोक सेवा केंद्र भवन में ही आधार कार्ड सुधार कार्य किया जाता है, जिससे रोजाना सैकड़ों नागरिक यहाँ पहुँचते हैं। परंतु केंद्र में भीड़ और जगह की कमी का आलम यह है कि हितग्राही घंटों तक असुविधा में खड़े रहने को मजबूर हैं। केंद्र के बाहर न तो किसी प्रकार की शेड (छाँव) की व्यवस्था है और न ही अंदर बैठने या प्रतीक्षा करने की पर्याप्त जगह। धूप हो या बारिश - लोग खुली सड़क पर खड़े रहते हैं। बरसात में भीगते हुए या तेज धूप में जलते हुए अपने नंबर की प्रतीक्षा करना यहाँ आने वालों के लिए रोजमर्रा की बात बन चुकी है महिलाएँ, वृद्धजन और छोटे बच्चे सबसे अधिक परेशान दिखाई देते हैं। कुछ लोग छाँव के लिए पास की दुकानों या पेड़ों के नीचे पनाह लेते हैं, जबकि कई हितग्राही बारिश से बचने के लिए, फाइलों को प्लास्टिक में लपेटे खड़े रहते हैं अंदर का हॉल इतना छोटा है कि एक साथ केवल सीमित संख्या में ही लोगों को प्रवेश मिलता है लोगों ने कई बार बताया कि प्रतीक्षा पंक्ति में भी धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है। गर्मी के दिनों में हवा या पंखे की सुविधा भी नहीं रहती, जिससे नागरिक थककर वहीं जमीन पर बैठ जाते हैं। कुल मिलाकर यह भवन अब सुविधा केंद्र नहीं, बल्कि धैर्य परीक्षा केंद्र बन गया है। लोक सेवा केंद्र, जो कभी पारदर्शिता और जनसेवा का प्रतीक था, आज गंदगी, अराजकता और भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। प्रशासन ने यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो यह भवन जनता के लिए सेवा केंद्र नहीं, बल्कि जन असुविधा केंद्र कहलाने लगेगा।

### इनका कहना है

उक्त संबंध मे मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग रखी जा चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# कलेक्टर ने ली भावांतर भुगतान योजना बैठक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले में भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रय के सफल क्रियान्वयन के लिए, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिले के समस्त मंडी के लायसेंसधारीकर्ता व्यापारी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत गाइडलाइन पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि सोयाबीन उचित मूल्य पर विक्रय हो। किसी भी प्रकार से मंडियों के भाव में ज्यादा अंतर नहीं पाया जाए। व्यापारी द्वारा पंजीकृत किसानों के खाते में ऑनलाइन आरटीजीएस पब्लिक एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया जाए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जिले में भावांतर योजना के सफल संचालन के निर्देश दिए। व्यापारियों ने पोर्टल में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान के बारे में चर्चा कर कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पोर्टल में आवश्यक सुधार कराने के लिए कहा। बैठक में उपसंचालक कृषि मॉरीश नाथ, मंडी सचिव नरसिंहपुर देवेंद्र सिंह ठाकुर, गाडरवारा मंडी सचिव रामसेवक गुमास्ता, सभी मंडियों के लाइसेंसधारी व्यापारीगण मौजूद थे। बैठक के पश्चात कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर का भ्रमण कर और मंडी प्रांगण के विस्तार के बारे में जानकारी ली।

## कार्बाइड गन व अन्य खतरनाक उपकरणों पर प्रतिबंध

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में आम नागरिकों की जान- माल, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से गैस लाइटर, प्लास्टिक पाइप लाइन और कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग से बनी कार्बाइड गन तथा इसी प्रकार के विधि विरूद्ध अन्य खतरनाक उपकरणों के निर्माण क्रय- विक्रय, प्रदर्शन एवं इसके उपयोग को तत्काल प्रतिबंधित किया है।

# व्यापारी सम्मेलन एवं दीवाली मिलन संपन्न





**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी बचत उत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जीएस मैरिज गार्डन करेली मे किया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार जिला खाद्य व्यापारी संघ अध्यक्ष राजकुमार जैन, समाजसेवी प्रमोद गुप्ता मंचासीन रहे सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र एवं पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम विधिवत आरंभ किया गया। सम्मेलन में व्यापारी, किसान, उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। सम्मेलन में प्रबुद्ध नागरिक व कार्यकर्ताओं ने जब बाजार जाएंगे, माल स्वदेशी लाएंगे, अपना घर स्वदेशी घर, अपनी दुकान, स्वदेशी दुकान, अपना जिला स्वदेशी जिला और घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाए गए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत का रास्ता गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की भागीदारी से होकर जाता है। पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करते हुए हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज बीजेपी वट वृक्ष बन चुकी है पीएम मोदी की हर योजना की राशि लाभार्थी के सीधे खाते में जा रही है जिससे प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर बन रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी वस्तुओं के निर्माणकर्ता, स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाले व्यापारियों एवं स्थानीय स्वदेशी वस्तुओं के दुकानदारों को माल सॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा विधायक मीडिया प्रभारी व पूर्व राज्यमंत्री के मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रजत चैहान ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला भाजपा कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन ने किया उक्त कार्यक्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय व्यापारी बंधुओं की उपस्थिति रही।

## स्थानांतरण आदेश का पालन नहीं कर रहा वन विभाग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा प्रशासनिक सुविधाओं की दृष्टि से जून माह वन विभाग के कर्मचारियों का प्रशासनिक दृष्टि से स्थानांतरण किए गए थे लेकिन जिले के कुछ वन परिक्षेत्र अधिकारियों के चहेते वन कर्मियों को स्थानांतरण होने के उपरांत भी नवीन पद स्थिति पर प्रभार लेने के लिए भारमुक्त नही किया गया। जबकि शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार स्थानांतरित कर्मचारी का वेतन नवीन पद पदस्थापना वाले स्थान से भुगतान किया जाना है। लेकिन नवीन पदस्थापना नही लेने वाले कर्मचारियों को वेतन पुरानी पदस्थापना से दिया जा रहा है जो नियमों के विपरीत तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा की जाने वाली अनियमितता है। मुख्यतः नरसिंहपुर - गोटेगांव - बरमान वन परिक्षेत्र में भी ऐसे कुछ कर्मचारी है जो रेंजर के चहेते है और उनके हित के लिए रेंजरों द्वारा वित्तीय अनियमितता की जा रही है।

# संभागीय संयुक्त संचालक ने ली समीक्षा बैठक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** संभागीय संयुक्त संचालक जबलपुर के द्वारा शुक्रवार को नरसिंहपुर के कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, समस्त परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, समस्त पर्यवेक्षक एवं समस्त ब्लॉक समन्वयक आईसीपीएस अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने 0 से 6 माह के शिशु, 6 माह से 3 वर्ष और 6 वर्ष की आयु तक के बच्चों तथा गर्भवती व धात्री माताओं के वास्तविक पंजीयन से मिलान कर पोषण ट्रेकर एप पर दर्ज करने और सेक्टर स्तर पर प्रत्येक परियोजना अधिकारी द्वारा समीक्षा करने के निर्देश दिए। वर्तमान में एफआरएस प्रगति बढ़ाने ई-केवायसी के लिए कार्यकर्ता और सेक्टर स्तर पर प्राथमिक रूप से निगरानी करने को कहा। उन्होंने पोषण अभियान में हितग्राहियों की संख्या का प्रविष्टि वर्तमान वास्तविक हितग्राही दर्ज संख्या और राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर दर्ज संख्या की समीक्षा की। उन्होंने सांझा चूल्हा अभियान अंतर्गत पोषण ट्रेकर एप पर प्रविष्टि और वास्तविक एन्ट्री पोषण ट्रेकर एप पर दर्ज करने के निर्देश दिए। आंगनवाडी केन्द्रों में भोजन प्रदाय करने वाले समूहों को खाद्यान्न की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी समस्त परियोजनाओं एवं सेक्टर की अलग- अलग प्रगति रिपोर्ट स्वयं मॉनिटर एवं आगामी बैठक तक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# नवीन पात्रता पर्ची का हो सत्यापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना अंतर्गत खाद्यान्न सामग्री का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही के पास पात्रता पर्ची का होना अनिवार्य है। पात्रता पर्ची संबंधी लक्ष्य पूर्ण हो जाने के कारण विगत कुछ समय से शासन स्तर पर नवीन पात्रता पर्ची सदस्य जनरेट संबंधी कार्यवाही स्थगित की गई थी। ई- केवायसी अभियान के दौरान कुछ अपात्र परिवारों का नाम पोर्टल से विलोपित होने पर पात्रता पर्ची के लक्ष्य अनुरूप स्पेस होने पर वर्तमान में शासन स्तर से नवीन पात्रता पर्ची सदस्य अपडेट संबंधी पात्रता पर्ची पुनः जनरेट होने की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में नवीन पात्रता पर्ची सदस्य अपडेट के लिए एम राशन मित्र पोर्टल में 6 हजार 242 ऑनलाइन आवेदन दर्ज हुए हैं। अब तक 4 हजार 25 पात्रता पर्ची जारी की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नवीन पात्रता पर्ची जनरेट होने के लिए एम राशन मित्र पोर्टल में सर्वप्रथम ग्राम पंचायत शहरी क्षेत्र में वार्ड की लॉगिन से ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर स्थानीय निकाय की लॉगिन में सत्यापन के लिए प्रेषित किया जाता है। स्थानीय निकाय से सत्यापन उपरांत जेएसओ लॉगिन में पात्रतापर्ची स्वीकृत के लिए आवेदन प्रदर्शित होता है। जेएसओ लॉगिन से स्वीकृति उपरांत एम राशन मित्र पोर्टल के माध्यम से उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन में ई- केवायसी के लिए नवीन पात्रता पर्ची सदस्य के नाम प्रदर्शित होते हैं। उचित मूल्य दुकान से ई- केवायसी होने के उपरांत जेएसओ लॉगिन में पुनरू ई- केवायसी स्वीकृति के लिए प्रदर्शित होता है।


## खेल/व्यापार

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, पहले एशेज टेस्ट से बाहर हुए कप्तान पैट कमिंस





कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से आधिकारिक तौर पर बाहर हो गए हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीवन स्मिथ 21 नवंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कैनबरा में कहा, हमारे पास समय खत्म हो गया है। हमने लगभग एक हफ्ते पहले ही यह बता दिया था कि उसे ठीक होने में चार हफ्ते से ज्यादा लगेंगे और दुर्भाग्य से हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हम दूसरे टेस्ट मैच के लिए बहुत आशावादी और उम्मीद कर रहे हैं। तो मुझे लगता है कि अगला सवाल यह है कि टाइम फ्रेम क्या है। दूसरे टेस्ट के लिए क्या स्थिति है। मैं इसका जवाब नहीं दे पाऊंगा, सिवाय इसके कि वह इस हफ्ते गेंदबाजी शुरू कर देगा और यह एक बहुत बड़ा कदम है। यही वह बड़ा वेरिएबल था जिसे हम जोड़ना चाहते थे और वह जानकारी हासिल करना चाहते थे। इसलिए हम दूसरे टेस्ट की ओर बढ़ रहे हैं और बहुत उम्मीद है कि इसका नतीजा पॉजिटिव होगा। मैकडॉनल्ड ने कहा, हम देखेंगे कि वह कैसा महसूस करता है और फिर हम आगे के फैसले लेंगे। मुझे पता है कि यह बहुत बोरिंग लगता है और हर कोई एक टाइम फ्रेम और इससे जुड़े रिस्क के बारे में जानना चाहता है। मुझसे बेहतर लोग हैं जो इस बारे में अंदाजा लगा सकते हैं। इस चोट की प्रकृति को देखते हुए, कभी भी कोई साफ टाइम फ्रेम नहीं होगा और मुझे लगता है कि आज यहां हर कोई यही चाहता है कि एक टाइम फ्रेम हो ताकि कहा जा सके कि वह निश्चित रूप से होगा। हम ऐसा करने की स्थिति में नहीं हैं और मैं मेडिकल टीम पर भी इस तरह का दबाव नहीं डालूंगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ब्रिस्बेन में दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से शुरू होगा।

## टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम में बड़ा फेरबदल, जम्पा की जगह इस खिलाड़ी की एंट्री



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने लेग स्पिनर तनवीर सांघा को भारत के खिलाफ होने वाली अंतरराष्ट्रीय टी-20 के लिए एडम जम्पा की जगह टीम में शामिल किया गया है। 23 वर्षीय सांघा बीबीएल में सिडनी थंडर्स के लिए खेलते हैं। उन्होंने अब तक कुल सात अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं लेकिन 2023 के बाद से उन्हें मौका नहीं मिला है। अपने पदार्पण मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच हुए तीन एकदिवसीय मैचों में कुल सात विकेट लिए थे। साथ ही एकदिवसीय कप के चार मैचों में वह 10 विकेटों के साथ न्यू साउथ वेल्स के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जम्पा निजी कारणों से टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में उपलब्ध नहीं हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट जल्द ही अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। यात्रा की लंबी दूरी के कारण जम्पा भारत के खिलाफ हुई एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच का हिस्सा नहीं थे। लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने हिस्सा लिया और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। वह ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के सबसे अधिक टी-20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# अमेजन ने 10 साल में बेच डाले 20 अरब डॉलर के भारतीय प्रोडक्ट




नई दिल्ली। भारतीय निर्यातकों ने अमेजन के माध्यम से पिछले 10 साल में दुनिया के 100 से अधिक देशों में 20 अरब डॉलर के उत्पादों का निर्यात किया है। भारत में अमेजन के वैश्विक बिक्री प्रमुख श्रीनिधि कलवापुडी ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अमेजन ने साल 2015 में भारतीय विक्रेताओं के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोले थे। अब तक अमेजन के प्लेटफॉर्म के माध्यम से 100 से अधिक देशों में 20 अरब डॉलर से ज्यादा के भारतीय उत्पादों की बिक्री की गई है। कंपनी का लक्ष्य साल 2030 तक कुल बिक्री को 80 अरब डॉलर पर पहुंचाने का है। उन्होंने बताया कि भारतीय उत्पादों के लिए अमेजन के माध्यम से सबसे बड़ा आयातक देश अमेरिका रहा है। इसके बाद क्रमशः ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान है। अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के निर्णय से बिक्री पर असर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी आयात शुल्क बढ़े सिर्फ दो महीने ही हुए हैं और इस समय कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि अमेजन लंबे समय की रणनीति पर काम कर रहा है और जो परिस्थितियां नियंत्रण में हैं, उन्हीं पर काम कर रहा है। जो परिस्थितियां नियंत्रण के बाहर हैं, उन पर अभी कंपनी कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। कलवापुडी ने कहा कि भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। अमेजन के माध्यम से दुनिया के अन्य देशों को निर्यात किये जा रहे उत्पादों में स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत देखभाल के उत्पाद, सौंदर्य उत्पाद, खिलौने, घरों को सजाने वाले उत्पाद, कपड़े और फर्नीचर प्रमुख है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मेट्रो शहरों से नहीं बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों से भी कई नवाचारी उत्पाद सामने आ रहे हैं। अमेजन अपने विक्रेताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बना रहा है। सरकार भी ई-कॉमर्स के माध्यम से निर्यात को मदद प्रदान कर रही है।



# दो हिस्सों में बंटी भागलपुर एक्सप्रेस

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस से भागलपुर जा रही गाड़ी संख्या 12336 भागलपुर एक्सप्रेस आज सुबह सतना-मानिकपुर रेलखण्ड के बीच मझगंवा-टिकरिया स्टेशन के बीच दुर्घटना का शिकार हो गई। इस घटना में जोरदार आवाज के साथ कपलिंग टूट गई जिससे पूरी ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई और लगभग 4 घंटे तक ट्रेन ट्रेक में ही फंसी रही जिसके चलते रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। कंट्रोल मैसेज मिलने के बाद सीएनडब्ल्यू की टीम जब मौके पर पहुंच तब कहीं जाकर सुधार कार्य हो पाया और फिर ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो पाई। आज सुबह घटी इस घटना ने भागलपुर एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्रियों को चिंता में डाल दिया था। दो हिस्सों में बंटी ट्रेन की आधी से ज्यादा बोगियों को छोड़कर इंजन आगे लेकर निकल गया था जिससे यात्रियों के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई थी। रात लगभग 2 बजकर 40 मिनट पर घटी इस घटना के कारण एक तरफ का ट्रेक जाम हो गया था जिसके चलते जबलपुर से छिवकी,प्रयागराज की तरफ जाने वाली ट्रेनों को जहां तहां के स्टेशनों में रोकना पड़ गया। जानकारी लगने पर पीछे लौटा इंजन घटना में एस-1 कोच की कपलिंग टूट गई थी जिसके चलते अन्य डिब्बे पीछे छूट गए थे। लगभग 2 घंटे के बाद सीएण्डडब्ल्यू का स्टाफ मौके पर पहुंचा और सुधार कार्य शुरू किया। इस दौरान एस-1 कोच के यात्रियों को अन्य कोच में शिफ्ट किया गया।

## हर आंख नम, मां बेसुध तो पिता के मुंह से नहीं निकल रहा एक शब्द

# पैतृक ग्राम पहुंचे मासूमों के शव देखते ही बिलख पड़ा पूरा गांव





**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कृषि उपज मंडी के पास स्थित मनमोहन नगर सामुदायिक अस्पताल के परिसर में स्थित खुले चेंबर में गिरकर मृत हुए दोनों बच्चों के शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव (कुंडम देहरी खुर्द) ले जाया गया। जहां बच्चों की ऐसी हालत देखकर पूरा गांव सहम गया और देखते ही देखते हर आंख नम हो गई। औपचारिकताएं पूरी करने बाद जैसे ही बच्चों को श्मशान की ओर ले जाने लगे उनकी मां रो- रोकर बेसुध हो गई। पिता का गला इस कदर रुंध गया कि मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला। एक ही परिवार के दोनों चिरागों को जिस किसी ने भी ऐसी हालत में देखा, उसके मुंह से बस एक ही बात निकली कि सिस्टम की लापराही ने एक परिवार से उसके जीने का सहारा छीनकर माता पिता को जिंदा लाश बना दिया।

### यह थी घटना

त्रिमूर्ति नगर में रहकर मजदूरी करने वाले राजेश विश्वकर्मा के पुत्र विनायक और कान्हा विश्वकर्मा मनमोहन नगर स्थित अस्पताल के बाहर क्रिकेट खेल रहे थे। तभी बॉल परिसर के अंदर चली गई। बॉल लेने के लिए दोनों भाई स्वास्थ्य केंद्र के अंदर गए, जहां वे दोनों ही खुले हुए सेप्टिक टैंक में गिर गए और उनकी मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने जैसे ही शवों को बाहर निकाला, पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जिस टैंक में गिरकर बच्चे मृत हुए, वह पिछले 10 सालों से खुला पड़ा हुआ है।

### सीएमचओ बोले बच्चे के कूंदने से टूटी जाली

घटना के बाद सीएमएचओ संजय मिश्रा लापरवाही पर पर्दा डालते हुए दिखे। उन्होंने कहा कि चेंबर खुला नहीं था, उसे लोहे की जाली से ढका गया था लेकिन बच्चे के कूंदने से संभवतः वह टूट गई और बच्चा जाली सहित टैंक के अंदर चला गया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की भी जमकर तारीफ की और कहा कि उनकी वजह से वहां आने वाले मरीजों को लाभ ही हो रहा है। हालांकि उन्होंने जांच समिति गठित करने की बात कही है।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

घटना के प्रति आक्रोश जताते हुए युवा कांग्रेस ने आज सुबह स्वास्थ्य केन्द्र का घेराव कर धरना दिया। युकां ने नारेबाजी करते हुए केन्द्र प्रभारी अंशुल शुक्ला को तत्काल निलंबित करने की मांग की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा और जतिन राज ने कहा कि केन्द्र में चारों ओर अव्यवस्था का साम्राज्य पसरा हुआ और जिम्मेदार प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा दो मासूमों को अपनी देकर भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में चारों तरफ बड़ी-बड़ी गाजर घास और झाड़ियां लगी हुई है, जिसकी वजह से जमीन दिखाई नहीं देती। इसके बाद भी न केन्द्र प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है।

## श्रद्धा के साथ किया कलश यात्रा का स्वागत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र पनागर के गौतम मोहल्ला में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा से हुआ। कथा का आयोजन प्रताप वार्ड के गौतम मोहल्ला में किया है। पं. डॉ अर्जुन पांडे महाराज कथा का वाचन करेंगे। शोभायात्रा प्रताप वार्ड शिवमन्दिर मंदिर से होकर छोटे महावीर हनुमान मंदिर, छोटी माता मंदिर, मेन रोड कमानिया गेट से होकर पटेल गंज शिवमन्दिर प्रताप वार्ड गौतम मोहल्ला पहुंची। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश लिए माताएं और बहनें पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। छोटी कन्याएं देवी स्वरूप में सजकर आकर्षण का केंद्र बनीं। श्रद्धालुओं ने कहा कि कार्तिक मास में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण और कार्तिक स्नान का विशेष महत्व होता है। आयोजक कर्ता ने कथा में उपस्थित होने की अपील की है।

# 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा तेज और रिमझिम का दौर


### मोथा तूफान से आज फिर बारिश के आसार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने मोथा तूफान के प्रभाव से प्रदेश समेत संपूर्ण जिले के मौसम का मिजाज एकदम से बदल गया है। रविवार को कई स्थानों में बादल छाए रहे और झमाझम बारिश हुई। आज सोमवार को भी जबलपुर संभागों के जिलों का मौसम बदला रहेगा। मंगलवार को जबलपुर, कटनी और नरसिंहपुर में तेज वर्षा और अन्य हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। फिलहाल 30 अक्टूबर तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम के साथ कहीं-कहीं तेज बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की माने तो बंगाल की दक्षिणपूर्व खाड़ी के ऊपर बना गहरा अवदाब (डीप डिप्रेशन) के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और अगले 24 घंटों में दक्षिण-पश्चिम एवं उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। यह 28 अक्टूबर की शाम या रात के दौरान मछलीपट्टनम और कालींगपट्टनम के बीच, काकीनाडा के आसपास, लगभग 90-100 किमी प्रति घंटे की अधिकतम स्थायी हवा की गति और 110 किमी प्रति घंटे के साथ एक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में परिवर्तित होने की बहुत अधिक संभावना है। एक ट्रफ अरब सागर के पूर्व-मध्य भाग के ऊपर बने अवदाब (डिप्रेशन) से जुड़े ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण से लेकर पश्चिम मध्य प्रदेश तक, उत्तरपूर्वी अरब सागर और दक्षिण गुजरात क्षेत्र से होकर, लगभग 1.5 से 3.1 किमी ऊंचाई (माध्य समुद्र तल से ऊपर) के बीच बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश के कई हिस्सों में बादल और बूंदाबांदी का सिलसिला अगले सप्ताह तक जारी रह सकता है।

# मृत कर्मचारी की हाजिरी लगाकर निकलता रहा वेतन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में मृत्यु के बाद भी महिला सफाई कर्मचारी का वेतन निकलने का मामला प्रकाश आया है। मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू में की गई थी, जिसकी जांच के लिए आज संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। जानकारी के मुताबिक संस्कारधानी सफाई कामगार श्रमिक कल्याण समिति में कार्यरत मीरा खांडेकर की 12 जुलाई 2017 को मृत्यु हो गई थी लेकिन इसके बावजूद भी लगातार उनकी हाजिरी लगती रही और वेतन का आहरण होता रहा। जिसकी शिकायत होने के बाद तत्कालीन वार्ड सुपरवाइजर संदीप वर्षे व अन्य को नोटिस भेजा गया है। ईओडब्ल्यू में मामला पहुंचने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों की मानें तो यह इकलौता ऐसा प्रकरण नहीं है बल्कि कई ऐसे लोग हैं, जिनकी मौत के बाद या फिर बिना काम किए बकायदा उनका वेतन निकालकर नगर निगम को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। हालांकि जेएमसी कमिश्नर इस खेल को अच्छी तरह भांप चुके हैं, जिसके चलते उन्होंने ई-अटेंडेंस अनिवार्य कर दी है।



क्लिपर स्टाइलिश सलून में काम करने वाले अनुभवी लड़कों की जरूरत है
गोलू 7389611058
एड्रेस नियर उखरी पुलिस चौकी जबलपुर(mp)


## अमौधाकला की भूमि का सीमांकन 1 नवंबर को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कार्यालय नायब तहसीलदार वृत्त सोहावल पत्र क्रं0-412/तहरघु ०/ बृत्त सोहा०/सतना दिनांक 14/10/2025 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत याचिका 28057/2025 के आदेश अनुसार तथा न्यायालय कलेक्टर महोदय सतना के पत्र क्रं0- 507/चार आर/2025 सतना दिनांक 25/08/2025 एवं न्यायालय अनु) अघि) (शहरी) अनुभाग-रघुराजनगर जिला सतना के पत्र क्रं0-1315/अनु०अधि०रघु0/2025 दिनांक 29/08/2025 के निर्देश अनुसार मौजा अमौधाकला की आराजी नं0-405/1/1 रकवा 0.037 हे0 भूमि के मौके से सीमांकन किये जाने एवं मौके की स्थिति को स्पष्ट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। सीमांकन की कार्यवाही वरिष्ठ न्यायालयों एवं बिक्रय-पत्र की वरियता को देखते हुये बटांकों का सत्यापन किया जाना है। अतः उक्त आराजी नम्बर के सरहद्दी कास्तकारों को जरिये सूचना-पत्र सूचित किया जाता है कि दिनांक 01/11/2025 को समय सुबह 10:30 बजे मौके से सीमांकन की कार्यवाही एवं बटांकों का सत्यापन का कार्य किया जाना है। अपने-अपने दस्तावेज के साथ मौके से उपस्थित रहें।

## स्थापना दिवस पर शासकीय भवनों में रोशनी करने के निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर एक नवम्बर की रात्रि जिले में स्थित सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं तथा उन्हें अपने कार्यालय भवन में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर एक नवम्बर को रात्रि प्रकाश की व्यवस्था करने कहा गया है।

# निसर्ग इस्पात के कैंपस में अंतरराष्ट्रीय गिरोह कर रहा था वन्य जीवों का शिकार...!



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** वन परिक्षेत्र सिहोरा के ग्राम घुघरा स्थित मेसर्स निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेट कंपनी के करीब 250 एकड़ में फैले कैंपस में वन्य जीवों को लगातार करंट लगाकर मारे जाने के मामलों को अब वन विभाग सामान्य घटना मानकर नहीं चल रहा है। दरअसल, वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों का निकाला जाना संगठित वन्य अपराध की ओर इशारा करा है। चुंकि वन्य जीवों की अंगों तस्करी के मामले में पूर्व में भी एक अंतराराष्ट्रीय गिरोह को पकड़ा जा चुका है। लिहाजा सिहोरा में हुए शिकारों को लेकर यह कयास लगाए जा रहे है कि वहां कोई अंतराराष्ट्रीय गिरोह एक्टिव था,इसीलिए वन मंडल जबलपुर के साथ ही टाइगर स्ट्राइक फोर्स को भी जांच में शामिल किया गया है। वहीं पूरे क्षेत्र पर चौबीस घंटे वन विभाग का अमला नजर बनाए हुए है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खड़े किए कान

मेसर्स निसर्ग इस्पात प्रा. लि. कम्पनी के परिसर में 24 अक्टूबर को मृत पाए गये वन्यप्राणी तेन्दुए के पोस्टमार्टम के बाद सामने आई प्राथमिक रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया है कि तेंदुए का करंट लगाकर शिकार किया गया था। रविवार 26 अक्टूबर को नानाजी देशमुख वेटनरी कॉलेज, स्कूल ऑफ वाईल्ड लाईफ, फॉरेंसिक एण्ड हेल्थ, जबलपुर में तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के पैर के पंजो के नाखून निकले हुए एवं चार कैनाईन दांत टूटे हुएं पाए गए हैं। उक्त तथ्य सामने आने के बाद वन विभाग के आला अधिकारियों कान खड़े हो गए हैं।

### प्रबंधन गायब, मैनेजर भी फरार

मेसर्स निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेट कंपनी के कैंपस में 12 अक्टूबर को दो जंगली सुअरों का मांस बरामद किया गया था। इसके बाद 14 व 25 अक्टूबर को एक-एक जंगली सुअर का शव डॉग स्क्वॉड की मदद से जमीन से खोदकर निकाला गया था। वहीं 24 अक्टूबर को ही एक तेंदुआ का शव मिला था। उक्त सभी वन्य प्राणियों को करंट लगाकर मारा गया था। 12 अक्टूबर और 14 अक्टूबर के मामले में वन विभाग ने अपराध दर्ज करते हुए इस्पात फैक्ट्री के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। लेकिन उसके बाद सामने आए वन्य अपराधों को लेकर अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हो सकी है। क्योंकि इस्पात कंपनी का पूरा स्टॉफ मौके से गायब हो गया है,इसीलिए मौके पर वन विभाग की टीम को तैनात करके रखा गया है।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES

सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592

# भारत विकास परिषद की विंध्य प्रांत की प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता संपन्न

## प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार लडिया, रामलाल रोतेल, अध्यक्ष (कोल विकास प्राधिकरण रहे मुख्य अतिथि



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** भारत विकास परिषद विंध्य प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता झ ह्लराष्ट्रीय चेतना के स्वरह्न का आयोजन दिनांक 26 अक्टूबर को आस्था होटल, अनूपपुर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन भारत विकास परिषद, अनूपपुर शाखा के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विंध्य प्रांत के 12 जिलों में से 6 जिलों अनूपपुर, शहडोल, कटनी, छतरपुर, सतना एवं सिंगरौली की टीमों ने सहभागिता की। परिषद के नियमों के अनुसार प्रतिभागी दलों ने हिंदी, संस्कृत और लोकगीत की तीन विधाओं में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुति, स्वर, भाव एवं सामूहिकता के आधार पर परिणाम घोषित किए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार लडिया, प्रधान न्यायाधीश (कुटुंब न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्णेन्दु भट्ट, रीजनल संयुक्त महासचिव (भारत विकास परिषद, मध्य क्षेत्र) एवं अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी, प्रांतीय अध्यक्ष (भारत विकास परिषद, विंध्य प्रांत) ने की। समापन एवं पुरस्कार वितरण सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में रामलाल रोतेल, अध्यक्ष (कोल विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश शासन) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जिला संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) उपस्थित रहे। इस सत्र की अध्यक्षता आनंद सिंह, संगठन सचिव (भारत विकास परिषद, विंध्य प्रांत) ने की। सभी विजेता टीमों को अतिथियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र, पारितोषिक एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, सचिव आनंद पाण्डेय, कोषाध्यक्ष राकेश गौतम, प्रांतीय मीडिया प्रभारी बीरेन्द्र सिंह, सेवा प्रकल्प प्रभारी श्री द्विवेदी, उपाध्यक्ष अरविंद पाठक, महिला सहभागिता प्रमुख शब्द अधारी राठौर, तथा ह्लभारत को जानोह्न प्रमुख पंकज गौतम , सलाहकार सुदामा राम पाण्डेय , पत्रकार नीरज गुप्ता, संरक्षक रामनारायण उरमलिया, प्रदीप कुमार पाण्डेय, शोभना पाण्डेय आदि सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।कार्यक्रम का संयोजन शाखा संपर्क प्रमुख अनिल तिवारी द्वारा किया गया तथा संचालन उपाध्यक्ष अरविंद पाठक एवं महिला सहभागिता प्रमुख शब्द अधारी राठौर ने किया।

# मालगाड़ी में हुआ जोरदार धमाका, स्टेशन से गुजर रही थी गाड़ी, घंटो प्रभावित रही यात्री ट्रेन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन से सोमवार की सुबह गुजर रही थी मालगाड़ी से एक बड़ा हादसा टल गया। अम्बिकापुर से कटनी की ओर जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी में अचानक आग उठने लगी जिससे हाई टेंशन लाइन छू जाने से जोरदार धमाका के साथ चिंगारियां निकलने लगी। इस दौरान कुछ देर के लिए ट्रेनें बाधित हुईं। इस घटना के बाद अधिकारी जांच की बात कह रहें हैं। अम्बिकापुर से कटनी की ओर जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी अनूपपुर रेलवे स्टेशन में अचानक आग उठने लगी जिससे हाई टेंशन लाइन छू जाने से जोरदार धमाका के साथ चिंगारियां निकलने लगी। इस दौरान कुछ देर के लिए ट्रेनें बाधित हुईं। इस दौरान जैतहरी, छुलहा और मौहरी रेलवे स्टेशनों पर कई ट्रेनों को रोका गया। घटना के समय प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर रीवा-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी और यात्री भी आवागमन कर रहे था। मालगाड़ी दूसरी पटरी पर थी, जिससे कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों ने बताया कि विस्फोट इतना भयानक था कि काफी देर तक ट्रेन से चिंगारियां निकलती रहीं। रेलकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मालगाड़ी को प्लेटफॉर्म नंबर 4 के अतिरिक्त यार्ड में खड़ा कर दिया। घटना के बाद भी कुछ चिंगारियां निकलती देखी गईं और स्टेशन परिसर में बिजली के तार टूटकर पटरी पर गिर गए। जिससे यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया था। वहीं एआरएम आर एस मोहंती ने बताया कि मालगाड़ी अंबिकापुर से कोयला लेकर कटनी की तरफ जा रही थी। गाड़ी ओवरलोड होकर यार्ड से कैसे निकली, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल, लाइन की मरम्मत का काम चल रहा है। हादसे के बाद बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस को जैतहरी रेलवे स्टेशन पर रोका गया था। इसे एक नंबर प्लेटफार्म से एक घंटे की देरी से रवाना किया जा सका। रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस को अनूपपुर में ही एक घंटे तक खड़ा रखा गया। 3 मालगाड़ियां जैतहरी और अमलई में रोकी गई थीं।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर अमरकंटक में होगा भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम- कलेक्टर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि 1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर अनूपपुर जिले में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित होगा, जहां स्थापना दिवस पर विविध सांस्कृतिक समारोह संपन्न किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सांयकालीन दीपोत्सव कार्यक्रम अमरकंटक स्थित नर्मदा घाट के उत्तर तट पर 51,000 दीपों की अलौकिक रोशनी के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा, जो जिले की आस्था, एकता और गौरव का प्रतीक होगा। कलेक्टर श्री पंचोली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपोत्सव कार्यक्रम की सभी तैयारियां योजनाबद्ध ढंग से की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यवस्था के लिए सेक्टरवार टीमें गठित कर जिम्मेदारियां सुनिश्चित की जाएं, ताकि आयोजन आकर्षक और सफल रूप से संपन्न हो। कलेक्टर श्री पंचोली कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक को अमरकंटक में बेहतर साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालयों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस प्रदेशवासियों के लिए गर्व और उत्सव का अवसर है, अतः सभी कार्यालयों एवं शासकीय परिसरों को आकर्षक रूप से सजाया जाए ताकि वातावरण में उत्सव की भावना झलके। कलेक्टर ने कहा सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए कार्यक्रमों में प्राथमिकता के आधार पर भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर स्थापना दिवस को उत्साह, एकता और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक बनाने का आव्हान किया।

# न्यायधीश के घर पथराव कर हमला करने वाले तीनो आरोपी गिरफ्तार, टीआई हुए लाइन अटैच

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।**कोतमा न्यायालय में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह छाबड़ा के घर पर अज्ञात आरोपियों द्वारा पथराव, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना से भालूमाड़ा क्षेत्र में कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है। घटना के बाद न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता संघ सहित स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कहा कि जब न्यायाधीश ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रियांशु सिंह उर्फ जैगुआर (25 वर्ष) पिता मनोज सिंह निवासी हालो ब्लॉक वार्ड 17, देवेंद्र केवट उर्फ सोनू (23 वर्ष) पिता रामनिवास केवट निवासी वार्ड 16, एवं मनीकेश सिंह (19 वर्ष) पिता नागेंद्र सिंह शामिल हैं। तीनों आरोपियों से पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि मुख्य आरोपी प्रियांशु सिंह थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है, जिसके विरुद्ध पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और हाल ही में वह जेल से छूटकर आया है। इस गंभीर घटना की जानकारी मिलते ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल प्रधान तथा न्यायाधीश अनुपपुर सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरी जानकारी लेकर डीआईजी सविता सुहाने को

## हो कड़ी कार्यवाही, वकीलो में आक्रोश सौपा ज्ञापन



दी। डीआईजी ने तत्काल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए तथा न्यायाधीशों के आवास पर सुरक्षा बल तैनात करने और गश्त बढ़ाने के आदेश जारी किए। घटना को लेकर अधिवक्ता संघ ने भी कड़ी नाराजगी जताई है। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है संघ ने मांग की है कि न्यायिक अधिकारी पर हमला करने वाले आरोपियों पर जिला बदर की कार्रवाई करते हुए एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत मामला दर्ज किया जाए। प्रमोद वर्मा पुलिस महानिरीक्षक शहडोल ने अपराध पर नियंत्रण की कमी परिलक्षित होने पर थाना भालूमाड़ा प्रभारी संजय खालको को लाइन हाजिर कर दिया गया है। कोतमा में कार्यरत व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक, अमनदीप सिंह छाबड़ा के निवास स्थान पर पत्थरबाजी और आपत्तिजनक व्यवहार की घटना के विरोध में कोतमा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश सोनी एडवोकेट ने बताया कि अधिवक्ताओं ने कड़ा रुख अपनाया है। अधिवक्ता संघ ने 27 अक्टूबर को बैठक कर सर्वसम्मति से तहसील न्यायालय कोतमा परिसर में कार्यरत सभी अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।

## वकीलो में आक्रोश सौपा ज्ञापन

इस घटना की गंभीरता को देखते हुए, अधिवक्ता संघ ने 27 अक्टूबर को महामहिम राज्यपाल को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कोतमा के माध्यम से प्रेषित किया है। ?ज्ञापन में न्यायाधीश के खिलाफ निंदा, न्यायालयीन कार्य से आज 27 अक्टूबर को विरत रहने की सूचना और आरोपीगणों के विरुद्ध कड़ी प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की मांग। न्यायाधीशगण एवं न्यायालयीन कार्य में संलग्न सभी व्यक्तियों की सुरक्षा हेतु कठोर उपाय करने की मांग। न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस की नियमित गश्त, सीसीटीवी कैमरे, एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# लोक आस्था का महापर्व छठ, अस्ताचलगामी सूर्य को दिया पहला अर्घ्य, श्रद्धा में डूबा कोयलांचल

## 36 घंटे का निर्जला उपवास



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के कोतमा में लोक आस्था का महापर्व छठ आज अपने तीसरे और सबसे महत्वपूर्ण दिन, 'संध्या अर्घ्य' के साथ पूरे कोयलांचल क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति के शिखर पर पहुँच गया है। कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि पर आज व्रतधारी (छठव्रती) डूबते हुए सूर्य देव को पहला अर्घ्य अर्पित किए, जिसके लिए सभी छठ घाटों पर तैयारियां पूरी हो चुकी थी और लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। नहाय-खाय (25 अक्टूबर) और खरना (26 अक्टूबर) के बाद, आज छठव्रतियों का 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास जारी है। इस दौरान व्रतधारी पूर्ण पवित्रता और आत्मसंयम के साथ छठी मैया और भगवान सूर्य की आराधना में लीन रहे। घाटों पर छठ के पारंपरिक लोकगीत गूंजते रहे, जिससे पूरे वातावरण में एक अद्भुत और अलौकिक ऊर्जा का संचार हुआ। ?घाटों पर दिखा आस्था का सैलाब कोतमा, बिजुरी, भालूमाड़ा जमुना कॉलरी सहित समूचे कोयलांचल क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों, जैसे केवई नदी तट, शिव सागर धाम कोतमा वार्ड क्रमांक पांच, बिजुरी सूर्य देव मंदिर देवी तालाब वार्ड क्रमांक 9 और विभिन्न तालाबों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। स्थानीय पूजा समितियों और प्रशासन ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, और व्रतियों के लिए रास्ते को सुगम बनाने का कार्य युद्धस्तर पर किया था। सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए गोताखोरों व चिकित्सा दल को भी अलर्ट पर रखा गया था। ?शाम सूर्यास्त के समय (क्षेत्रानुसार लगभग 05:15 बजे से 05:30 बजे तक), छठव्रती नदी या तालाब के पवित्र जल में खड़े होकर, बांस के सूप (दौरा) में फल, ठेकुआ, गन्ना, नारियल, और अन्य पारंपरिक प्रसाद रखकर भगवान भास्कर को दूध और जल से अर्घ्य देंगे। यह अर्घ्य सूर्य देव के प्रति आभार प्रकट करने और संतान की सुख-समृद्धि व दीघार्यु की कामना के लिए अर्घ्य दिया गया। ?प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद नगर पालिका परिषद कोतमा अध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका परिषद पसान अध्यक्ष राम अवध सिंह, नगर पालिका परिषद बिजुरी अध्यक्ष सहबिन पनिका, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा प्रदीप झरिया बिजुरी पवन साहू पसान शशांक आर्मी ने श्रद्धालुओं से घाटों पर विशेष सावधानी बरतने और प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की थी। कोतमा में मुन्ना तिवारी द्वारा अपने परिजनों के साथ शिव सागर धाम में पहुंचकर छठ पर्व का पूजा अर्चना किया,विशेष रूप से गहरे पानी में जाने से बचने और बच्चों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए थे। छठ महापर्व का समापन आज मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 को उदयमान सूर्य (उषा अर्घ्य) को अर्घ्य देने के साथ होगा। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के अपने कठोर व्रत का पारण करेंगे, जिसके बाद यह चार दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण होगा।

# पत्नी के निधन पर पति को मिली आर्थिक राहत पीएम जीवन ज्योति बीमा से मिला 2 लाख का चेक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा ने एक बार फिर यह साबित किया है कि बैंक केवल आर्थिक संस्था नहीं, बल्कि आम जन के जीवन में सहयोगी की भूमिका निभा रही है। समीपवर्ती ग्राम जोहिला बांध (पोड़की) निवासी मार्तंड सिंह को उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भगवती बाई सिंह के निधन के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ?2 लाख की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। भगवती बाई सिंह ने अपने जीवनकाल में भारतीय स्टेट बैंक अमरकंटक शाखा में खाता खुलवाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (ढटखख-इ) एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) दोनों का प्रीमियम नियमित रूप से जमा कराया था। उनका मानना था कि भविष्य में यदि कोई आकस्मिक स्थिति उत्पन्न हो, तो परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। सितंबर 2025 में भगवती बाई सिंह के आकस्मिक निधन के बाद उनके पति मार्तंड सिंह ने बैंक से संपर्क कर बीमा दावा प्रस्तुत किया। शाखा प्रबंधक श्री गौरव उपाध्याय ने बताया कि मृतका के खाते से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों को विधिवत एकत्र कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया। परीक्षण और अनुमोदन के उपरांत लगभग डेढ़ माह के भीतर बीमा दावा स्वीकृत हुआ और ?2 लाख की राशि लाभार्थी मार्तंड सिंह के खाते में जमा कर दी गई।

# अस्पताल के रसोई में लटका ताला, व्यापारियों ने उधार देने से किया मना, मरीजो को नही मिल रहा भोजन व नास्ता




**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के विकास खंड पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में स्वास्थ्य सुविधाओं के गडबड झाले की शिकायतें तो आम हो चुकी है, अब मामला मरीजों को मिलने वाले चाय नाश्ता और भोजन तक पहुँच गया है , बताया जाता है कि पिछले एक पखवाड़े से रसोई घर में ताला लटक रहा है और स्वास्थ्य अमले के जिम्मेदार अधिकारी इस बात से अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ चैन की नींद सो गया है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई में ताला लटकने के पीछे जिन व्यापारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई के लिए सामग्री प्रदान किया है ,उन व्यापारियों के लाखों रूपयों के देयकों का भुगतान वर्षों से लटके हुए हैं जिस वजह से व्यापारियों ने उधारी में सामग्री देने से इंकार किया और उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई में ताला लटकने के लिए मजबूर हो गया है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के रसोई घर में ताला लगने से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सबब बन कर रह गया है । रसोई घर में मरीजों के भोजन बंद होने की खबर पर सच्चाई जानने के लिए अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने पर प्रसुति वार्ड में दाखिल राधा बाई मुदरिया निवासी ने बताया कि सुबह से न तो चाय मिली , नाश्ता और भोजन की बात तो दूर की कौड़ी बनी हुई है । इसी वार्ड में भर्ती कुसुम सिंह पाली निवासी ने भी अस्पताल प्रबंधन की इसी रवैया का दुखड़ा रोते दिखी। इसी तरह जनरल वार्ड में भर्ती ज्योति सिंह ने अपनी बात रखते हुए चाय, नाश्ता और भोजन कुछ न मिलने की बात बतलायी । विदित होवे की मध्यप्रदेश की यशस्वी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जन कल्याण के लिए खजाना खोल कर रखा हुआ है फिर गरीब मरीजो के मुंह का निवाला छीनने का जो घिनौना खेल रही है उसकी सर्वथा निंदा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के रसोई घर में ताला लटकने की घटना ने इस मद में हुये आर्थिक गड़बड़ी को उजागर करके रख दिया है ।जानकर सूत्र बतलाते हैं कि अस्पताल में भोजन व्यवस्था के लिए शासन द्वारा अग्रिम रूप से लाखों रूपयों की राशि आंबटित की जाती है , फिर आज यह दिन देखना निश्चित ही एक बड़े घोटाले की तरफ इशारा करता है । अस्पताल में भोजन सामग्री प्रदान करने वाले एक व्यापारी ने बताया कि हमारा लाखों का देयक एक साल से रूका हुआ है और जब भुगतान की बात कही जाती है तो दस प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है ,आज व्यापार में व्यापक स्तर पर प्रतिस्पर्धा है जिसमें इतनी बचत नहीं होती की अधिकारियों के मनमर्जी के मुताबिक उनकी मुराद पूरी की जा सके । इसी कमीशन खोरी के चक्कर में न देयकों का भुगतान किया जा रहा और न भोजन मरीजों को मिल पा रहा । आखिर कार गरीब मरीजो के हक में डाला जाने वाला डाका पर कब रोक लगेगी ,यह सवाल हर एक के मस्तिष्क में छाया हुआ है।

# उन्नत कृषि यंत्रो के लिए ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** वर्ष 2025-2026 के लिए संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मप्र भोपाल द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उक्त आवेदन करने के लिए वेबसाईट पर लिंक dbt.mpdage.org के माध्यम से कृषक अपने आधार नम्बर से नया पंजीयन अधिकृत डीलरों द्वारा फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाईस (मारफो डिवाइस-एल-1 एवं निटजन) के माध्यम से कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध पृथक से लॉटरी की सूचना प्रकाशित की जाएगी। कृषि उपसंचालक फूलसिंह मालवीय ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन अंडर आरकेवीवाय कैफेटेरिया योजना अंतर्गत सुपर सीडर के लिए 4500 रुपए, बेलर के लिए 15 हजार रुपए, हे रेक/स्ट्रा रेक के लिए 05 हजार रुपए, स्लेशर के लिए 02 हजार रुपए, श्रेडर/मल्चर के लिए 5500 रुपए, हैप्पी सीडर के लिए 4500 रुपए एवं स्मार्ट सीडर के लिए 4500 रुपए की धरोहर राशि के साथ 31 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। वहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (माइक्रो इरीगेशन) के अंतर्गत मिनी स्प्रिंकलर सेट एवं स्प्रिंकलर सेट के लिए बगैर किसी भी तरह की धरोहर राशि की आवश्यकता नही होगी।

# युवक को गुमराह कर गलत तरीके से बैंक खाता खोलकर लेन-देन किया

## पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर न्याय दिलाने की लगाई गुहार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंडेसरा के एक युवक पवन पांचे ने गांव के ही एक युवक शिवप्रसाद पांचे को गुमराह कर उसके नाम से बैंक मे खाता खोल लिया और उस खाते मे लेन देन करने लगा। पीड़ित युवक को पूरी जानकारी लगने पर उसके द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जानकारी मे पीड़ित युवक शिवप्रसाद पांचे पिता सुरेश पांचे ने बताया कि वह

ग्राम-मुण्डेसरा, तह. किरनापुर जिला बालाघाट का निवासी हैं। यह की पवन पांचे पंच ग्राम पंचायत मुण्डेसरा तह. किरनापुर जिला बालाघाट महोदय द्वारा दिनांक 02.09.2025 को मेरे घर आकर ग्राम पंचायत में जरूरी कार्य है ऐसा बोलकर मेरा आधार कार्ड और पेन कार्ड की छाया प्रति मांगे तो मैने उन्हें दे दिया। इसके बाद पोष्ट ऑफिस की कार्यकर्ता पोष्ट ऑफिस बिनोरा प्रियंका कनौजे निवासी ग्राम नक्शी किरनापुर के पास ले जाकर मेरे मो0 नं0 आधार में अपडेट करवाने के बहाने मेरा फिंगर प्रिंट लिये और किसी और का मोबाईल नम्बर अपडेट कर दिया। जो नम्बर 8597565816 है। ये किसका मोबाईल नम्बर है मुझे नहीं पता। यह नम्बर पवन पांचे पंच महोदय के द्वारा दिया गया जो मुझे बहुत बात में पता चला। यह की मेरे द्वारा प्रियंका को पूछा गया तो उन्होने मुझे कुछ भी नही बताया और फिंगर प्रिंट ले कर घर चले जाओ बोले, जब काम हो जायेगा तो आपको बता दिया जायेगा ऐसा बोला गया। और पवन पांचे गुझे घर वापस ले कर आ गया। घर आने के बाद मेरी मोबाईल में फोटो लिया क्यों फोटो लिया इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं दी गई। यह की लगभग 10.09.2025 को अपने कॉलेज में स्कॉलरसिप का फार्म भरवाने ऑनलाईन सेंटर गया 4-5 बार कोशिश करने के बाद भी मेरे मोबाईल में ओ0टी0पी0 नहीं आया।



यह की इस घटना के बाद मैं घर आकर पवन पांचे को पुरा व्रतांत सुनाया तो उन्होने शाम को

बताया की ओ0टी0पी0 आया है। लेकिन ये नहीं बताया की किसके पास आया है। और किस मोवाईल नम्बर पर आया है। इससे मुझे पवन पांचे पर शक हुआ। क्योकि उनके द्वारा ही मुझे गुमराह करके दस्तावेज मांगे गये थे। यह की पवन पांचे द्वारा मुझे गुमराह करके फिंगर प्रिंट, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं फोटो लिया गया था। इस पर पवन पांचे ने बताया को पुराना मोबाइल नम्बर हटाकर दुसरा नया

नम्बर (8597565816) बदल दिये है। यह की उसके बाद प्रियंका कन्नौजे के पास जाकर पुछा तो उन्होने मुझे बताया की आपके आधार नं0 पूर्व से उपलब्ध 9691832721 हटाकर 8597565816 मोबाईल नम्बर

एड किया गया है। जो की पवन पांचे के कहने पर किया गया है। यह जानकारी मुझे प्रियंका कन्नौजे ने जानकारी दी। यह कि इतना होने के बाद मैने पवन पांचे को बोला की मुझे बताये बिना आपने मोबाईल नं0 क्यों बदलवाये आपने मेरे साथ धोखा किये। यह की इस तरह पवन पांचे द्वारा मेरे दस्तावेज धोखे से,

गुमराह करके Indusind Bank शाखा मण्डला तथा फिनो पेमेंट बैंक बालाघाट दो बैंको में फर्जी तरीके से खाता खुलवाकर, पैसो का लेन देन किया गया। Indusind Bank में 48000 लगभग रुपये तथा फिनो

पेमेंट बैंक में 32000 लगभग का लेने देन किया गया है। बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रति संलग्न है। यह की इस पुरे प्रकरण की जानकारी मुझे तब पता चली जब बैंक के कुछ दस्तावेज मेरे पते पर पोस्टमेन द्वारा

डाक द्वारा दिया गया। यह की इस पुरे प्रकरण की जानकारी मैने अपने घर वालों को तथा गांव-समाज के गणमाननिय लोगो को बताया। तो संबंधित पवन पांचे द्वारा पुलिस में शिकायत देने से मना करते हुए

गांव समाज से बहिस्कार करने की धमकी भी दि गई। इस घटना से मैं बहुत भयभित हो गया। महोदय जी पवन पांचे पंच ग्राम पंचायत मुण्डेसरा ने मुझे बहला फुसलाकर, मेरे दस्तावेजो का गलत उपयोग कर बैंकों में खाता खुलवाकर जो फर्जी लेन-देन किये गये है। पीड़ित युवक शिवप्रसाद पांचे ने इसकी जांच कर उपरोक्त व्यक्ति पर एफ0आई0आर0 दर्ज कर न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की मांग प्रशासनिक अधिकारीयो से की है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने 27 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एसडीएम गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।



### 31 अक्टूबर तक समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए अधिक से अधिक कराड़ पंजीयन

बैठक में उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि समर्थन मूल?य पर कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए 31 अक?टूबर तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करा?। इसी प्रकार भावांतर योजना के अंतर्गत सोया?बीन लगाने वाले किसानों को इस योजना का लाभ दिला?। समर्थन मूल?य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले सभी किसानों के रकबे का शीघ्रता से शत प्रतिशत सत?यापन करें। उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि रबी फसलों के लिए खाद बीज एवं दवाओं की समुचित व?यवस?था सुनिश्चित करें। खाद एवं बीज विक्रय करने वाले प्रतिष?ठानों की जांच कर उनके नमूने एकत्र करें और अमानक पाए जाने पर कार्यवाही करें।

### 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में आयोजित होगा रोजगार मेला

बैठक में जिला रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करें और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराड़। इस दौरान बताया गया कि 28 अक्टूबर को रोजगार मेले में 02 हजार युवाओं को शामिल किया जा रहा है, इसके लिए पीजी कॉलेज, आईटीआई एवं पालीटेक्निक कॉलेज से समन्वय किया गया है। इस मेले में टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रानिक एवं अन्य कम्पनियों के प्रतिनिधि युवाओं के चयन के लिए उपस्थित रहेंगे।

### सातनारी जलाशय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश

बैठक में जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि सातनारी जलाशय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। इसके निर्माण के लिए वन विभाग से अनापत्ति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कीट व्याधि एवं बीमारी से जिन किसानों की फसलों को क्षति पहुंची है उसका शीघ्रता से सर्वे करें। सभी तहसीलदारो को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में बी-1 वाचन के दौरान मृत पाये गए किसानों के मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनके वारिसों के नाम फौती में दर्ज कराड़।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा नियमित रूप से की जाएगी प्रतिष्ठानों की जांच

बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं पीजी कॉलेज के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए छात्रों के ओटीआर की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें, जिससे उन्हें समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी को समेकित छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियो एवं ड्रग इंस्पेक्टर को नियमित रूप से खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठान एवं मेडिकल स्टोर्स की जांच करने के निर्देश दिये गए। जिला अस्पताल की कैंटिन, जनजातीय कार्य विभाग के 30 एवं शिक्षा विभाग के छात्रावासो एवं नगरीय क्षेत्र बालाघाट व वारासिवनी के चौपाटी में ईट-राईट कैम्पेन चलाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गए।

### प्रसूति सहायता प्रकरण में गलत एंट्री करने पर कारण बताओं नाटिस जारी

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रसूति सहायता के प्रकरण तैयार करने में जिन एएनएम द्वारा समग्र आईडी की गलत एंट्री की गई है उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। इसी प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि अक्षय ऊर्जा विभाग को सोलर पंप लगाने के लिए प्राप्त 3960 आवेदनों को लेकर इन सभी आवेदकों के खेत में शीघ्रता से सोलर पंप लगवाने की कार्यवाही करें।

### यात्रियों से अवैध रूप से अधिक किराया वसूल करने वाले वाहनों पर होगी कड़ी कार्यवाही

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यात्रियों से अवैध रूप से अधिक किराया वसूल करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करें, इसके साथ ही ओवर लोड वाहनों की भी नियमित रूप से जांच करें और वैधानिक कार्यवाही करें। जिन यात्री बस संचालकों द्वारा ऑनलाईन टिकट में अधिक किराया लिया जा रहा है उनके विरूद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को पूर्ण हो चुकी नलजल योजनाओं में सभी हितग्राहियों को नल कनेक्शन शीघ्रता से देने के निर्देश दिये गए। एसडीएम लांजी को नंदोरा में आयुष अस्पताल एवं लांजी में ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार बैहर एसडीएम को भंडेरी में विद्युत उपकेंद्र तथा वारासिवनी एसडीएम को अंसेरा में विद्युत उपकेंद्र व वारासिवनी में गीता भवन के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने कहा गया।

बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि इन प्रकरणों का संतुष्टि के साथ निराकरण कराया जाए और शिकायतकर्ता से मोबाईल पर चर्चा भी की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रों से सीएम हेल्पलाईन की अधिक शिकायतें आ रही है वहां पर मंगलवार को जनसुनवाई में स्वयं उपस्थित रहकर लोगो की समस्या सुने। आगामी 01 नवम्बर को प्रदेश स्थापना दिवस पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि 01 नवम्बर को सभी शासकीय भवनों पर रात्रि में रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। 01 नवम्बर को कृषि, उद्यम एवं स्वदेशी पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

# बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं के अंतर्गत 27 अक्टूबर को जागरूकता अभियान आजीविका सामुदायिक भवन वारासिवनी में विकास खंड बिरसा, कटंगी, खैरलांजी की मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों को महिलाओं एवं बच्चो पर आधारित कानूनों की जानकारी दी गई।





इस दौरान वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध एवं गुड टच बेड टच, पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन अधिनियम 2013 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। देव उठनी ग्यारस 01 नवंबर 2025 के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना देखते हुए उन्हें बाल विवाह के दूषपरिणामों में कम उम्र मे गर्भधारण, मातृ व नवजात मृत्यु, बाल स्वास्थ्य समस्या, शिक्षा में बाधा, रोजगार व अजीविकाओं के अवसरों में कमी तथा हिंसा और देह व्यापार के खतरे शामिल है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह कराना दण्डनीय अपराध है ऐसा करने पर 2 वर्ष तक के कठिन कारावास एवं 1 लाख रूपये तक का जुर्माने से दण्डित किया जाएगा की जानकारी दी गई। अंत में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं वन स्टॉप सेंटर के समन्वय से जिले में महिला एवं बाल हिंसा रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रम करने के लिए रुपरेखा बनायीं गई।

## नक्सल प्रभावित ग्राम सोनगुड्डा में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

# 165 मरीजों का किया गया उपचार 05 मलेरियॉ पाजीटिव पाए गए

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेंश उपलप तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील सिंग के मार्गदर्शन में 26 अक्टूबर को नक्सल प्रभावित ग्राम सोनगुड्डा में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनगुड्डा में आयोजित इस शिविर में आस-पास के क्षेत्र के कुल 165 हितग्राहियों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाईयॉ वितरित की गई। इन हितग्राहियों में 63 मरीज सर दर्द, सर्दी-जुखाम, कमर दर्द के तथा 102 मरीज बुखार के पाए गए। इन सभी मरीजों का आवश्यकता अनुरूप दवाईयॉ देकर उपचार किया गया। शिविर में कुल 05 मलेरिया पॉजिटिव केस निकले, जिनका उपचार देकर इलाज किया गया। इस शिविर में सेक्टर सोनगुड्डा के समस्त कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, आशा सुपर वाइजर, मलेरिया सुपर वाइजर, समस्त एएनएम, सीएचओ उपस्थित रहे।



# अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्यनरत छात्रो को जिला न्यायाधीश एवं सचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में 26 अक्टूबर को शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गुर्जर द्वारा शिविर में उपस्थित छात्रों को लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना आदि की जानकारी दी गई। इसी क्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अथवा अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय पाने से वंछित न होने पाए। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं बालक, औद्योगिक कर्मकार, आपदा प्रभावित, दिव्यांगजन एवं जेल में निरूद्ध बंदियों को तथा ऐसे समस्त व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 02 लाख रूपये से कम हो नि:शुल्क विधिक सहायता का लाभ ले सकता है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर सकते है तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में 15100 हेल्पलाईन नंबर से भी जानकारी प्राप्त कर सकता है। शिविर में अधिवक्ता आकांक्षा मडावी, चुनेन्द्र बघेल, मानसी पारधी व संजय नागेश्वर द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, पॉक्सों एक्ट, नालसा (बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015) आदि की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किशोर बालकों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु एवं मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, आंकाक्षा तेकाम, भंवर सिंह मेरावी उपस्थित थे।





# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (विस्तारित चरण) में हितग्राहियों को मिलेंगे नि:शुल्क गैस कनेक्शन

## योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय उज्जवला समिति की हुई बैठक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गरीब एवं कमजोर वर्ग की महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किया गया है। भारत सरकार द्वारा इस योजना के विस्तारित चरण में सम्पूर्ण देश में 25 लाख गैस कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में इस योजना के विस्तारित चरण के सुचारू और समय पर क्रियान्वयन के लिए 27 अक्टूबर को कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उज्जवला समिति की बैठक आयोजित की गई। इस योजना के विस्तारित चरण में जिले को प्राप्त होने वाले लक्ष्य के अनुरूप गैस कम्पनियों द्वारा निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किया जाएगा। बैठक में इस योजना के अंतर्गत पात्रता रखने वाली महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने के संबंध में चर्चा की गई।

